CMYK



दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 16 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 5 फरवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2



### सरपंचों के हाथों में गांवों के विकास की बागडोर

# सशक्त पंचायतीराज और ग्रामीण विकास प्राथमिकताः भजनलाल



- किसानों-पशुपालकों की उन्नति से ग्रामोदय का सपना होगा साकार
- फार्मर आईडी के लिए आज से ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर लगेंगे शिविर

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गरीब, किसान और पशुपालकों को मजबूती देकर ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. भीमराव अम्बेडकर और चौधरी चरण सिंह के ग्रामोदय के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का फोकस गांवों के बुनियादी ढांचे के विकास, किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने पर है। सीएम शर्मा ने मंगलवार को सरपंच संघ राजस्थान की ओर से आयोजित पंचायतीराज सशक्तीकरण व अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरपंचों के हाथों में गांवों के विकास की बागडोर होती है और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उद्धार में सरपंच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है।

शर्मा ने कहा कि यदि उनकी इच्छाशक्ति मजबूत हो, दूरदृष्टि हो और लोगों का साथ हो तो गांवों का कायाकल्प किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि के रूप में सरपंचों के पास लोगो की सेवा का अवसर होता है और इसी सेवाभाव के साथ राजस्थान के प्रतिभाशाली और समर्पित सरपंच अपने गांवों को विकास की राह पर ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सरपंच के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि आप लोगों को देखकर मेरा हृदय आज उसी भाव से भर उठा है, जब मैं सरपंच था। उन्होंने कहा कि मैं गांव की मिट्टी में ही पला-बढ़ा हूं और उसी मिट्टी की सोंधी खुशबू और चुनौतियों के बीच जिया हूं।

## किसानों-पशुपालकों के लिए प्राथमिकता के साथ बन रही योजनाएं

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में किसानों और पशुपालकों के लिए प्राथमिकता के साथ योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराना हमारी सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए पीएम-कुसुम योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है। किसान अपनी अनुपजाऊ भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर ऊर्जा उत्पादक भी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पीएम किसान सम्मान निधि के साथ ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2 हजार रुपए के अतिरिक्त अनुदान का लाभ भी किसानों को दे रही है। अब तक हम 1,355 करोड़ रुपए किसानों के खातों में ट्रांसफर कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को जमाबंदी, खसरा गिरदावरी और राजस्व रेकार्ड की प्रतियां ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं और नामांतरण की प्रक्रिया को पेपरलेस किया गया है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना लागू की गई है। इसके तहत 24 हजार से अधिक गोपालक परिवारों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया गया है। पशुपालकों को निःशुल्क पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन कॉल सेंटर सेवा 1962 शुरू की गई है। 536 मोबाइल वाहनों से 30 लाख पशुओं का उपचार किया गया है।

## बिना भेदभाव सभी विधानसभा क्षेत्रों के गांवों को दिया बजट

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतीराज के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। हमने राज्य बजट में बिना भेदभाव राज्य के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के गांवों के लिए बजट का प्रावधान किया। पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 1 अप्रेल, 2024 से 10 प्रतिशत वृद्धि की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 371 ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया गया है। ग्रामीण सड़क तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए 200 विधान सभा क्षेत्रों में 1 हजार करोड़ रुपये की लागत से मिसिंग लिंक और नॉन पेचेबल सड़कों के 1 हजार 631 कार्य प्रारंभ कर 530 किलोमीटर लम्बाई के 309 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

## राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का कर रही विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने का काम भी हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 72 हजार से अधिक कूपन जारी कर गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राजीविका परियोजना के तहत 4 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है और 48 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत प्रदेश में जरूरतमंद लोगों के अपने घर का सपना साकार हो रहा है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में फार्मर आईडी बनाने के लिए 5 फरवरी से सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पंजीकरण करवाकर डिजिटल पहचान पत्र के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की सभी कृषि योजनाओं का लाभ बिना किसी रूकावट के प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पचायतीराज जनप्रतिनिधि ग्रामवासियों से सीधे सम्पर्क में रहते हैं, इसलिए गांव की समस्याओं के निराकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में इनकी प्रभावी भूमिका होती है। उन्होंने आह्वान किया कि सरपंच प्रतिनिधि अपने गांवों को गंदगी और पॉलीथीन मुक्त बनाकर स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल ने प्रशासक के रूप में सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न गौतम, कैलाश वर्मा, शासन सचिव पंचायतीराज डॉ. जोगाराम सहित बड़ी संख्या में पंचायतीराज प्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे।

### न्यूज इनबॉक्स

## प्रवर समिति के पास रहेगा भूजल प्राधिकरण विधेयक

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। भजनलाल सरकार पिछले विधानसभा के बजट सत्र में पानी राशनिंग को लेकर जो भूजल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक 2024 लाई थी। वह मौजूदा सत्र में भी प्रवर समिति के पास ही रहेगा। पिछले सत्र में इस बिल को चर्चा के लिए सदन में रखा गया था, लेकिन कांग्रेस के साथ ही भाजपा विधायकों ने भी इसका खुलकर विरोध कर दिया था। बिल में सरकार ने भूजल प्रबंधन के लिए नया प्रधिकरण गठन करने का प्रस्ताव रखा था। कांग्रेस और भाजपा विधायकों ने इसका यह कहते हुए विरोध किया था कि बिल में पानी की राशनिंग करने के प्रावधान किए गए हैं। विधेयक में राजस्थान में निजी इंडस्ट्रीज और घरेलू ट्यूबवेल्स खुदाई पर बैन लगाए जाने का प्रावधान था। साथ ही राज्य में जो इंडस्ट्रीज चल रही हैं, उनमें टेलीमीट्रिक डिजिटल वाटर मीटर लगाए जाने के प्रावधान भी बिल में थे।

## पश्चिमी विक्षोभ का असर, कई जिलों में बारिश



जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से देर रात जयपुर, धौलपुर, अजमेर, उदयपुर और सिरोही सहित कई इलकों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के बाद प्रदेश में ठंड का प्रभाव बढ़ जाएगा। मंगलवार को भी जयपुर, अजमेर, भरतपुर और उदयपुर संभाग में बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

जयपुर मौसम केंद्र ने सुबह 7 बजे प्रदेश के 13 शहरों में बारिश का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। इनमें जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, टोंक, धौलपुर, पाली, अजमेर, भीलवाड़ा, करौली, नागौर, सीकर और झुंझुनू शामिल है।

## डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने दिया संकेतः मार्च में पास हो सकता है धर्मांतरण विरोधी बिल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान बजट सत्र में पेश हुआ धर्मांतरण विरोधी बिल मार्च महीने में पास हो सकता है। मंगलवार को भीलवाड़ा दौरे पर आई राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने इसके संकेत



दिए हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक आवश्यक था। सत्र के आखिरी सप्ताह में विधेयक के पारित होने की संभावना है। ये बदलाव लाना महत्वपूर्ण है। जनता ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। पीएम मोदी की गारंटी कामयाब होगी, क्योंकि वो जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं।भजनलाल सरकार की तरफ से यह बिल विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने पेश किया था। इस बिल में धर्मांतरण के खिलाफ कड़े प्रावधानों के अलावा लव जिहाद को भी परिभाषित किया गया है। इस बिल के तहत, यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर किसी दूसरे धर्म में धर्मांतरण कराता है, तो उसे दंडित किया जाएगा। विशेष रूप से लव जिहाद के मामले में इसे एक गंभीर अपराध माना जाएगा।

### 10 साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान

धर्मांतरण विरोधी विधेयक में गलत बयानी, बलपूर्वक, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन या किसी कपटपूर्ण तरीके से या शादी के जरिए धर्म परिवर्तन को गैर-जमानती अपराध बनाया गया है। इसमें 10 साल तक की कैद और 50, 000 रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। विधेयक को ध्यान से पढ़ें तो इसमें आरोपी को कम से कम 1 साल की कैद की सजा का प्रावधान है, लेकिन इसे 15,000 रुपए के जुर्माने के साथ 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। इतना ही नहीं, जो लोग किसी नाबालिग, महिला या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति के संबंध में नियमों का उल्लंघन करते हैं, उन्हें 25000 रुपये के जुर्माने के साथ दो साल की कैद (जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है) से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

### राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

## प्रदेश के औद्योगिक व आर्थिक विकास के लिए 3 नई नीतियों का अनुमोदन

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के औद्योगिक व आर्थिक विकास के लिए राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी व राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी लाने, युवाओं को सक्षम व सशक्त बनाकर विकसित राजस्थान के संकल्प की सिद्धि के लिए नई युवा नीति के अनुमोदन, विश्वविद्यालयों के वाइस-चांसलर्स को कुलगुरू की पदवी प्रदान करने के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटीज लॉज (अमेण्डमेंट) बिल लाने, रीको औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को गति देने के उद्देश्य से राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू (अमेण्डमेंट वैलिडेशन) बिल लाने सहित कार्मिक कल्याण और सेवा नियमों में संशोधन से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

### प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025

मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री श्री जोगाराम पटेल एवं पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल ने बताया कि राज्य सरकार वस्त्र व परिधान के क्षेत्र में प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना चाहती है। इसे ध्यान में रखते हुए मंगलवार को कैबिनेट में मंजूर की गई राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल



पॉलिसी-2025 प्रदेश में टैक्सटाइल एण्ड अपैरल क्षेत्र के सतत् व समग्र विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र में रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार, उत्पादकता और निर्यात को बढ़ावा देगी। वहीं दूसरी ओर इससे वैश्विक स्तर पर स्थानीय वस्त्र उत्पादकों की दक्षता और विश्वसनीयता में भी वृद्धि होगी। इस नीति से प्रदेश के वस्त्र उत्पादक लाभान्वित होंगे और राज्य में लगभग 40 हजार करोड़ रुपए के संभावित निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### डेटा सेंटर पॉलिसी-2025 से विकसित होगा विश्व स्तरीय डेटा सेंटर इकोसिस्टम

पटेल ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी व तकनीकी के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए राजस्थान में निजी क्षेत्र में डेटा सेंटर्स की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी- 2025 को कैबिनेट की ओर से मंजूरी प्रदान की गई।

### कांग्रेस पर जमकर बरसे मोदी

## कांग्रेसी खुलेआम अर्बन नक्सल की भाषा बोल रहेः मोदी



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि देश की जनता ने मुझे 14वीं बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देने का अवसर दिया है। इसलिए मैं जनता का आदरपूर्वक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम 2025 में हैं। एक तरह से 21वीं सदी का 25% हिस्सा बीत चुका है। 20वीं सदी में आजादी के बाद और 21वीं सदी के पहले 25 वर्षों में क्या हुआ, यह तो आने वाला समय ही तय करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि अगर हम राष्ट्रपति जी के संबोधन का बारीकी से अध्ययन करें तो यह स्पष्ट है कि उन्होंने आने वाले 25 वर्षों और विकसित भारत के बारे में लोगों में विश्वास पैदा करने की बात कही है। उनका संबोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करता है, नया आत्मविश्वास पैदा करता है और आम लोगों को प्रेरित करता है।

### गरीबों को 4 करोड़ घर दिए

लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि अब तक गरीबों को 4 करोड़ घर दिए जा चुके हैं। जिन लोगों ने मुश्किलों भरी जिंदगी जी है, उन्हें ही समझ में आता है कि घर मिलने की क्या कीमत होती है।

पहले महिलाओं को शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण काफी तकलीफें झेलनी पड़ती थीं। जिनके पास ये सुविधाएं हैं, वे ÷पीड़ितों की परेशानियों को नहीं समझ सकते। हमने 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय दिए हैं।

### राहुल गांधी पर पीएम मोदी का कटाक्ष

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ÷जो लोग अपने मनोरंजन के लिए गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों का जिक्र बोरिंग लगेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कहा कि हमारे देश में एक प्रधानमंत्री ऐसे हुए जिन्होंने एक समस्या की पहचान की और कहा कि जब दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है तो नीचे तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं... 15 पैसे किसे मिलते थे, यह हर कोई समझ सकता है। उस समय पंचायत स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक केवल एक पार्टी थी। हमने समाधान खोजने की कोशिश की और हमारा मॉडल है बचत भी विकास भी, जनता का जनता के काम... हमने बनाया...

### हमने जनता का पैसा बचाने का काम किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहले अखबारों की सुर्खियां घोटाले और भ्रष्टाचार से संबंधित होती थीं। 10 साल बीत चुके हैं, करोड़ों रुपये बचे हैं जो जनता के लिए इस्तेमाल किए गए हैं। हमने कई कदम उठाए हैं जिससे काफी पैसा बचा है, लेकिन हमने उस पैसे का इस्तेमाल शीशमहल बनाने के लिए नहीं किया, बल्कि हमने उस पैसे का इस्तेमाल देश बनाने के लिए किया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे सत्ता में आने से पहले एलईडी बल्ब 400 रुपये में बेचे जाते थे। हमने ऐसे अभियान चलाए कि कीमतें 40 रुपये तक कम हो गई। एलईडी बल्बों से ऊर्जा संरक्षण में मदद मिली। इससे देश के लोगों के लगभग 20,000 करोड़ रुपये भी बचे।

### हमने घाव भरे और आज हमने पट्टी भी बांधी

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने आयकर में कटौती करके मध्यम वर्ग की बचत को बढ़ाया है।

CMYK

एक्शन प्लान की पालना

## तालुका विधिक सेवा समिति के पीएलवी के साथ हुई ऑनलाईन वर्चुअल मीटिंग, कैंपों के आयोजन किये जाने के दिये दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के दिशा-निर्देशानुसार एक्शन प्लान की पालना में मंगलवार को अलवर मुख्यालय एवं तालुका विधिक सेवा समिति के पीएलवी के साथ ऑनलाईन वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें पीएलवी को एक्शन प्लान की पालना में निर्धारित शेड्यूल अनुसार कैंपों के आयोजन किये जाने के दिशा-निर्देशों दिये साथ ही रालसा के द्वारा संचालित योजनाओं, अभियानों एवं नालसा की योजनाओं के संबध में विधिक जागरूकता कैंपों के आयोजन के निर्देश प्रदान किये गये। विधिक जागरूकता का दायरा बढाने के लिए आवश्यक है, कि विधिक जागरूकता कैंप के दौरान लाभन्वितों की संख्या ज्यादा से ज्यादा हो इसी को मध्येनजर रखते हुए पीएलवी द्वारा किये जाने वाल कैंपों के दौरान जो लाभान्वित हैं उनकी संख्या को अधिकाधिक बढाये जाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही मीटिंग के दौरान बताया गया कि सभी पीएलवी कैंप के उच्च क्वालिटी एवं जीयोटैगिंक के साथ फोटो भिजवाया जाना सुनिश्चित करते हुए कैंप के दौरान बैनर, पोस्टर इत्यादि का भी प्रयोग आवश्यक रूप से करें। एक्शन प्लान की पालना में प्रतिदिन किये जाने वाले कैंपों की सूचना निर्धारित समय पर प्रतिदिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त पीएलवी को धरातल पर आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर किसी भी पीएलवी को कोई भी समस्या नहीं होना पाया गया।

## लाखों की अवैध शराब तस्करी के मामले में 10 साल से फरार आरोपी को हरियाणा से किया दस्तयाब

जयपुर टाइम्स

बांसवाड़ा(निस)। जिले से 20 हजार रुपये का है इनामी, थाना कोतवाली टीम को सौंपा जयपुर 4 फरवरी। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीआईए रोहतक टीम की मदद से लाखों रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा से गुजरात तस्करी करने के मामले में 10 सालों से फरार चल रहे आरोपी ट्रक मालिक राजकुमार पुत्र जगदीश निवासी करोथा जिला रोहतक हरियाणा को उसके गांव से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। बांसवाड़ा जिले से 20 हजार रुपये इनामी उक्त आरोपी को जिले की कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया गया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन ने बताया कि अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने वांछित आरोपियोंए गैंगस्टर्सए संगठित गिरोहों के बारे में आसूचना संकलन कर बदमाशो की



धरपकड के लिए उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शर्मा के सुपरविजन में पुलिस मुख्यालय से एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की विभिन्न टीमों को प्रदेश के अलग.अलग शहरों में रवाना किया गया है। एडीजी एमएन ने बताया कि बांसवाडा जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने 19 मार्च 2015 को नाकाबंदी तोड़कर भागे ट्रक को दाहोद लिंक रोड पर रोक लाखों रुपये कीमत की हरियाणा निर्मित अवैध शराब के 500 कार्टन व साबुन व सर्फ के 800 कार्टन जप्त कर मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। आरोपी फर्जी सॉप फैक्ट्री व ट्रांसपोर्ट कम्पनी के बिल और बिल्टी की आडमें हरियाणा निर्मित अवैध शराब गुजरात तस्करी कर ले जा रहे थे। मामले में आरोपी ट्रक मालिक राजकुमार घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। एमएन ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बांसवाड़ा एसपी द्वारा 20 हजार का इनाम घोषित किया गया था। आसूचना संकलन के दौरान एजीटीएफके सदस्य एएसआई शैलेंद्र शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा को सूचना मिली कि उक्त इनामी आरोपी दिल्लीए हरियाणाए पंजाबए बिहार और उत्तर प्रदेश में ट्रक चलाकर फरारी काट रहा हैए जो फिलहाल अपने गांव आया हुआ है। इस सूचना पर उप निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के कोर्डिनेशन में एएसआई शैलेंद्र शर्माए हेड कांस्टेबल मदन लालए अरुण कुमारए कांस्टेबल बृजेश कुमार व कुलदीप सिंह की टीम को रोहतक रवाना किया गया। टीम ने स्थानीय सीआईए सेकंड रोहतक की टीम की सहायता से आरोपी राजकुमार के गांव करोथा में घेराबंदी कर आरोपी को डिटेन कर लिया। जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना कोतवाली बांसवाडा के एएसआई वीरेंद्र पाल सिंह एवं हेड कांस्टेबल सोहन लाल को सुपुर्द किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिकाए हेड कांस्टेबल मदन लालए अरुण कुमार व कांस्टेबल कुलदीप सिंह की सराहनीय भूमिका रही। रोहतक सीआईए टीम से एएसआई संतकुमारए दिनेश कुमार व हेड कांस्टेबल विकास कुमार शामिल थे।

## अवैध देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतुस सहित एक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निस)। निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये एक युवक को गिरफ्तार किया है।



एसएचओ मोहर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि सोमवार 03 फरवरी की रात्रि को एसएचओ मोहर सिंह के नेतृत्व में हैड कानि. सुरेन्द्र, कानि. विक्रम सिंह, कानि. महेन्द्र सिंह व सुरेश कुमार की टीम गश्त करते हुये केशवाना स्थित रीको एरिया में पहुँची तो वहाँ से एक युवक गिर्राज उर्फ गज्जु (23) पुत्र गाडाराम गुर्जर निवासी हमीरपुर, हरसौरा (बानसूर) को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतुस बरामद किये। पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# जिले में 5 फरवरी से प्रारम्भ होंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविर

## जिला कलक्टर ने शिविरों की तैयारी की समीक्षा बैठक लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में समस्त उपखण्ड अधिकारियों सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर एग्रीस्टैक योजना के तहत 5 फरवरी से जिले की हर ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रविन्द्र, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों, उपखण्ड अधिकारियों व विकास अधिकारियों से शिविर के लिए की गई तैयारियों का प्रजेन्टेशन लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि इन शिविरों में दिये जाने वाले लाभों व सेवाओं की पूर्ण तैयारी के साथ-साथ आमजन तक इन शिविरों की सूचना विभिन्न माध्यमों से सम्प्रेषित कराना सुनिश्चित करावें। शिविरों में जनप्रतिनिधिगणों को भी आमंत्रित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला प्रशासन द्वारा इन शिविरों में फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन करने के साथ अन्य योजनाओं का भी लाभ दिया जाएगा। जिसमें जिला नवाचार के तहत आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी कराने के साथ, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, घुमंतु परिवारों को पट्टे की कार्यवाही के कार्य, मनरेगा के फॉर्म, पीएम आवास की बकाया किस्त व नये आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व पालनहार का वेरिफिकेशन, पीएम सूर्यघर योजना के आवेदन, पीएम फसल बीमा योजना पोलिसी वितरण, सोयल हैल्थ कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, श्रम विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।



उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, नियमित जनसुनवाई तथा उच्च स्तर से प्राप्त परिवेदनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि इन सभी परिवेदनाओं का प्राथमिकता से समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करे।

उन्होंने निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं व विकास कार्यो की प्रभावी मॉनिटरिंग करे ताकि इनका लाभ आमजन को समयबद्ध रूप से मिल सके। उन्होंने आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु फील्ड निरीक्षण करने पर जोर दिया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर रखते हुए अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की कार्य योजना बनाये।

### बहुत सरल है किसान आईडी बनवाने की प्रक्रिया

जिला कलक्टर ने बताया कि शिविर कार्यक्रमानुसार 5 फरवरी से 31 मार्च तक जिले में सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविर आयोजित होंगे। शिविरों का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा। किसान अपनी कृषि भूमि से संबंधित ग्राम पंचायत के शिविर में जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते है। फार्मर आईडी बनाने के लिए किसान को महज अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक्ड मोबाइल नम्बर वाला फोन और नवीनतम जमाबंदी लेकर शिविर में आना होगा। अपनी ग्राम पंचायत में शिवर कार्यक्रम की जानकारी RJFRC.rajasthan.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त की जा सकती है।

### यहां लगेंगे शिविर

उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय शिविर आयोजित होंगे जिसके तहत अलवर तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत गुजूकी, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत शाहपुर, केसरपुर, खेडका, जाजोर एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत नांदनहेडी, भूगोर, देसूला, बख्तपुरा व किथूर, कठूमर तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत ईसरोता, 7 से 9 फरवरी तक ग्राम पंचायत खेरली रेल एवं 10 से 11 फरवरी तक ग्राम पंचायत खेडामेदा, गोविन्दगढ तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत न्याणा, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत मालपुर व खेडा महमूद एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत बारोली, रामबास, भैंसडावता व दोंगडी, मालाखेडा तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत महुआ खुर्द, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत सालपुर एवं 13 से 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत बालेटा, लक्ष्मणगढ तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत शीतल, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत रैणपुर व घाट एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत बूटियाणा, दीनार, बूटोली व निजाम नगर, नौगांवा तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत हाजीपुर, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत रघुनाथगढ व पाटा एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत मुबारिकपुर, बीजवा, चिडवा, धनेटा व खोहरा मलावली, प्रतापगढ तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत भूरियावास, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत पिपलाई व आगर एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत झिरी व कालेड, रामगढ तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत साहडोली, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत जातपुर व केसरोली एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत अलावडा, बगड राजपूत, खोह व ऊंटवाल, राजगढ तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत ढिगावडा, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत मोतीवाडा एवं 13 से 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत दुब्बी, रैणी तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत टहटडा, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत कानेटी व बबेली एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत ईटोली, कीलपुरखेडा, छिलोडी, डोरोली व बहडको कलां, टहला तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत श्रीचंदपुरा, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत कल्लाणा एवं 13 से 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत बिरकडी तथा थानागाजी तहसील में 5 से 7 फरवरी तक ग्राम पंचायत दहार चौगान, 10 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत अंगारी व बामनवास चौगान एवं 17 से 19 फरवरी तक ग्राम पंचायत भीकमपुरा, भूडियावास, द्वारापुर व गढबसई में किसान रजिस्ट्री शिविर आयोजित होंगे।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की बेहतर पहलः

## टाइगर मैराथन दौड़ में जिले सहित विभिन्न राज्यों के धावक दौड़ेंगे

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। वी-शक्ति के बैनर के अंतर्गत अलवर सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन फिट इंडिया हिट इंडिया के तहत आयोजित किये जा रहे अलवर सांसद खेल उत्सव (एएसके-यू) में 9 फरवरी को टाइगर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि इस टाइगर मैराथन दौड़ में अलवर जिले सहित विभिन्न राज्यों से भी धावक हिस्सा लेंगे। टाइगर मैराथन में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ %इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल से गुजरते हुए नारु मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय के सामने से निकलते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल पहुंचेगी और वहां से यह दौड़ अलवर जयपुर मार्ग पर सिल्वर ऑक स्कूल के सामने से और चोर डूंगरी के पास से गुजरते हुए परशुराम सर्किल पहुंचेगी। जहाँ से यू टर्न लेकर यह दौड़ वापस अहिंसा सर्किल और कट्टी घाटी से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी। वही 10 किलोमीटर टाइगर मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल पहुंचेगी और नारू मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय और सरस डेयरी के सामने से निकालकर कटी घाटी होते हुए अहिंसा सर्किल पहुंचेगी वहां से यू टर्न लेकर यह दौड़ कटी घाटी और भवानी तोप होते हुए इंदिरा गांधी स्टेडियम पर समाप्त होगी। गुप्ता ने बताया कि 5 किलोमीटर की शक्ति रन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप चौराहे से नारू मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप सर्किल से सरस डेयरी के सामने से गुजरते हुए कटी घाटी पहुंचेगी जहां से यह दौड़ यू टर्न लेकर सीधे इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी। वही 2 किलोमीटर टाइगर मिनी मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप होते हुए नारू मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

??

## 'सूर्य नमस्कार स्कूल के प्रार्थना स्थल पर प्रतिदिन हो, जिससे विद्यार्थी मानसिक तनाव मुक्त रहता है'

### श्री ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार



जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। क्रीड़ा भारती अलवर के द्वारा श्री ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को सूर्य सप्तमी के दिवस पर युवाओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री रजनीश जैमन ने बताया कि मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा, अध्यक्षता विनोद शर्मा निदेशक ओसवाल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुख्य वक्ता अरुण जोशी जिलाध्यक्ष क्रीड़ा भारती अलवर, विशिष्ट अतिथि विशमभर दयाल शर्मा अध्यक्ष जिला ब्राह्मण सभा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता जिला मिडिया प्रभारी भाजपा रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि सूर्य नमस्कार विधालय के प्रार्थना स्थल पर प्रतिदिन होना चाहिए जिससे विधार्थियों में तंदुरुस्ती रहती मानसिक तनाव मुक्त रहता है। अध्यक्षता ने बताया कि सूर्य को प्रथम नमस्कार से जीवन में रोशनी बनी रहे जिससे दिन ऊर्जावान बना रहे जीवनशैली में प्रतिदिन प्रथम नमस्कार सूर्य नमस्कार से करना चाहिए जिससे सूर्य भगवान जीवन में रोशनी रखें। इस मौके पर कोषाध्यक्ष यश सोमवंशी, जितेन्द्र सैनी, संजय चौधरी, डि पल सैनी, कृति, शारीरिक शिक्षक संघ जिला मंत्री तरुण भदौरिया, हरिओम गुर्जर, राहुल शर्मा, शिवेन्द्र यादव, प्रधानाचार्या मोना दूबे एवं ओसवाल स्कूल स्टाफ सहित युवा उपस्थित रहे।

## विहिप की जिला बैठक आयोजन ,कार्यकारणी का किया गठन

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। शिव मंदिर, कृषि उपज मंडी, अलवर में विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक का सफल आयोजन संपन्न हुआ बैठक में प्रांत सह मंत्री विवेक दिवाकर जयपुर प्रांत बजरंग दल प्रांत संयोजक प्रेम सिंह राजावत, बजरंग दल सह प्रांत संयोजक परमवीर सिंह चौहान तथा अलवर विभाग बजरंग दल संयोजक सुरेंद्र हिंदू की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में अलवर जिले एवं सभी ग्रामीण प्रखंडों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला मंत्री बिजेंद्र खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नई कार्यकारिणी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व प्रदान किए जिला कार्यकारिणी में प्रचार प्रमुख - अवधेश माथुर सामाजिक समरसता प्रमुख - गोपी सोनी सह प्रमुख -नरेश वर्मा

सेवा प्रमुख - अभिषेक तनेजा सत्संग प्रमुख - गोपाल तनेजा सह सत्संग प्रमुख - श्रीचंद प्रजापत अलवर शहर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष - देवेंद्र छाबड़ा, नेपाल सिंह मंत्री - प्रेम गुप्ता

सह मंत्री अरविंद कुमावत, जुगल किशोर गौ रक्षा प्रमुख - गुड्डू पंडित

सह गौ रक्षा प्रमुख - आकाश पंडित सत्संग प्रमुख - मुरारी शर्मा विधि प्रमुख - पारस सेन बजरंग दल संयोजक - टोनू यादव सह संयोजक हिमांशु सैनी, ऋषिप सैनी सुरक्षा प्रमुख - हैप्पी सिंह धर्म प्रचार प्रमुख - प्रेम दीक्षित अलवर शहर के प्रखंड अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के रूप में केशव प्रखंड अध्यक्ष -रामलाल यादव



उपाध्यक्ष - राजू सैनी मंत्री - प्रमोद ईकदाया शिवाजी प्रखंड अध्यक्ष - रतन लाल माधव प्रखंड अध्यक्ष - नरेश शर्मा मंत्री - प्रमोद सेनी

सह मंत्री - विशाल गौतम महाराणा प्रताप प्रखंड अध्यक्ष - दिलीप गोयल

मंत्री - वीरेंद्र सैनी ग्रामीण इकाइयों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी में रामगढ़ अध्यक्ष - धीर सिंह गुर्जर उपाध्यक्ष - बाबूलाल प्रजापत बजरंग दल संयोजक - गौरव सोनी

सह संयोजक - मोहित लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष - प्रेम पटेल मंत्री - प्रमोद गुप्ता मालाखेड़ा उपाध्यक्ष - सचिन गुप्ता, बहादुरपुर उपाध्यक्ष - जगदीश गुर्जर, गोरधन गुर्जर बजरंग दल संयोजक - मनीष यादव बैठक में हिंदू समाज की एकता, गौ रक्षा, सामाजिक समरसता, धर्म प्रचार, सेवा कार्य एवं सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ समाज में समरसता, सेवा और हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। प्रांत सह मंत्री विवेक दिवाकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। बजरंग दल जयपुर प्रांत संयोजक प्रेम सिंह राजावत ने हिंदू युवाओं को समाज सेवा और धर्म रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। और बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के उद्देश्यों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी यह जानकारी अवधेश माथुर जिला मीडिया प्रभारी विश्व हिन्दू परिषद ने दी।



## विभिन्न मांगों को लेकर सांसद व विधायक को सोपा ज्ञापन

**जयपुर टाइम्स**

विराटनगर(निस)।जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ओर विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ को मैड कुडला क्षेत्र की विभिन्न मुद्दों एवं मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मैड ग्राम पंचायत में आयुर्वेदिक अस्पताल ,मैड ग्राम पंचायत को पंचायत समिति बनाने ,मेड ग्राम पंचायत को उप तहसील का दर्जा दिलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।इन तमाम मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों से आग्रह करके जल्द सभी मांगों को पूरा करने कि आश्वासन दिया।इस दौरान तालवा बिहाजर सरपंच भंगाराम गुर्जर, जीएसएस अध्यक्ष शिवदान फागना,पुर्व सरपंच संतोष मोदी, रामधन पायला,विक्रम सिंह गुर्जर, रोहिताश गुर्जर मोजूद रहे।

## राजस्थान विधानसभा में पेपरलेस कार्य प्रणाली, अगले सत्र तक 100त्न डिजिटल लक्ष्य– देवनानी

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कास)। राजस्थान विधानसभा को आधुनिक तकनीक से श्रेष्ठ बनाने के प्रयासों के तहत मौजूदा सत्र में अधिकतर कार्य पेपरलेस हो रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सभी 200 सीटों पर आईपैड टैबलेट लगाए गए हैं, और सदस्यों को डिजिटल प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया है। सदन में 12 टेक्नीशियन तैनात हैं, जो



तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं। देवनानी ने बताया कि पेपरलेस व्यवस्था से न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि कार्यप्रणाली भी अधिक प्रभावी हो रही है। प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन उपलब्ध होने से पूरक प्रश्न सीधे किए जा रहे हैं, जिससे सदन की उत्पादकता बढ़ी है। सदस्यों को कार्यवाही का फुटेज भी उसी दिन उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्ववर्ती विधानसभाओं के अनुत्तरित प्रश्नों में से अब केवल 1,200 प्रश्न शेष रह गए हैं, जबकि पिछले बजट सत्र में 92त्न प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए। जल्द ही यह आंकड़ा 95त्न तक पहुंचने की उम्मीद है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन अनुशासन, नियमों और परंपराओं के अनुसार चलेगा। सर्वदलीय बैठक के सकारात्मक परिणाम मिले हैं, जिससे सदस्यों को अपने मुद्दे रखने का अवसर मिल रहा है। अनुशासनहीनता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय को आरओ किया भेंट

**जयपुर टाइम्स**

कोटपूतली(निस)। कस्बा स्थित बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर को आईडीबीआई बैंक कोटपूतली ने आरओ भेंट किया। ब्रांच हैड अनिल कुमार ने कहा कि हम चाहते हैं कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को हांसिल करें। आईडीबीआई बैंक की इस पहल ने विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। अब आरओ वॉटर प्यूरीफायर से विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल मिलेगा, यह योगदान ना केवल विद्यालय के बुनियादी ढ़ांचे को सुदृढ़ करेगा बल्कि विधार्थियों को शिक्षा की ओर और अधिक प्रेरित करेगा। प्रधानाचार्य रामानंद चौधरी ने आभार व्यक्त किया।



इस मौके पर मौजूद लोगों ने बैंक की इस पहल की प्रशंसा की और इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिये एक प्रेरणादायक कदम बताया। विद्यालय और बैंक के इस सहयोग ने यह सिद्ध किया कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा और विकास में अपना योगदान देना चाहिये, ताकि आने वाली पीढ़ियां एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें। इस दौरान रिलेशनशिप ऑफिसर यशपाल यादव, मुकेश बंसल, विनोद कुमार गोयल, जितेंद्र चौधरी, रामकिशन सैनी, घड़सीराम गुर्जर, नरेश कुमार सैनी, नाथूराम जाट, संदीप यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## मंशा माता मंदिर में विशाल भण्डारा आज

**जयपुर टाइम्स**

कोटपूतली(निस)। कस्बे के नागाजी की गौर स्थित बिदाणी कृषि फॉर्म पर मंशा माता मंदिर में नवरात्रा अष्ट्मी पर पूजा पाठ व सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जायेगा। आयोजक सूर्यकान्त मणि, मुकेश बिदाणी ने बताया कि विशाल भण्डारा 05 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगा।

# जयपुर जिले में होगा किसान रजिस्ट्री शिविरों का आगाज

- हर किसान को मिलेगी 11 अंकों की एक विशिष्ट पहचान
- जयपुर में 31 मार्च तक ग्राम पंचायतों में होगा किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन
- जिला कलक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का किया गया गठन
- फार्मर आईडी के अलावा किसानों को विभागीय योजनाओं से भी किया जाएगा लाभांवित




**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में बुधवार, 5 फरवरी, 2025 से जयपुर जिले की ग्राम पंचायतों में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन होगा। शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। अपनी ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन सहित अन्य जानकारियां हासिल करने के लिए आमजन एवं किसान दूरभाष नंबर 0141-2209905, 0141-2209906 पर संपर्क कर सकते हैं। बुधवार 5 फरवरी को जयपुर जिले के मौजमाबाद के मोखमपुरा, किशनगढ़-रेनवाल के लुनियावास, जयपुर के सुमेल, जोबनेर के ढाणी नागान, आमेर के लबाना, सांगानेर के गोनेर, फुलेरा-सांभरलेक के हबसपुरा, जमवारामगढ़ के भानपुरा कलां, बस्सी के कानोता, कालवाड़ के बेगस, चौमूं के नांगल कलां, शाहपुरा के नायन, तुंगा के माधोगढ़, माधोराजपुरा के ढाबिच, फागी के लदाना, चाकसू के टुटोली, दूदू के सुनाड़िया सहित कोटखावदा और आंधी ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन होगा। किसान रजिस्ट्री शिविरों के सफल आयोजन एवं आमजन की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। फार्मर रजिस्ट्री किसानों को सशक्त करने के लिए उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जयपुर जिले में किसान रजिस्ट्री शिविरों के सफल आयोजन एवं जिले के समस्त किसानों का एग्रीस्टैक पर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने शिविरों के व्यापक प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिये हैं ताकि जिले के प्रत्येक किसान को ना केवल शिविरों के आयोजन की जानकारी हो बल्कि शिविरों में किसान फार्मर आईडी बनाने के साथ-साथ अन्य विभागीय योजनाओं से लाभांवित हों सकें।

### प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक होगा शिविरों का आयोजन

एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जायेगी। शिविरों का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा।

शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशुपालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जायेगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिये आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाईल नम्बर की जरूरत होगी। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने, प्रधानमंत्री किसान/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी उपयोगी होगी।

### बेहद सरल है फार्मर आईडी बनवाने की प्रक्रिया

शिविर कार्यक्रमानुसार 05 फरवरी 2025 से राज्य में सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित करवाये जा रहे है। आपकी कृषि भूमि से संबंधित ग्राम पंचायत के शिविर में जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते है। फार्मर आईडी बनाने के लिए किसान को महज अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक्ड मोबाइल नम्बर वाला फोन और नवीनतम जमाबंदी लेकर शिविर में आना होगा। अपनी ग्राम पंचायत में शिविर कार्यक्रम की जानकारी www.rjfrc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त की जा सकती है।

### हर किसान को मिलेगी 11 अंकों की एक विशिष्ट पहचान

किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण (कृषक का जनसांख्यिकीय विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि) को डिजिटल इन्फास्ट्रक्चर में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे।

किसान आईडी डिजिटली सत्यापन योग्य पहचान है, जिसे www.rjfr.agristack.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते है। फार्मर आईडी जनरेट होने के बाद भूमि संशोधन (खसरा जोड़ने या हटाने) के लिए पटवारी, भू-अभि. निरीक्षक या तहसीलदार से सम्पर्क किया जा सकता है।

इस हेतु मोबाइल एप/वेबसाइट द्वारा प्रदेश के समस्त कृषकों के स्वामित्व वाले सभी खसरों को सम्मिलित करते हुए कृषक के 'आधार' से लिंक कराया जाएगा, तत्पश्चात कृषक से ऑनलाइन सहमति प्राप्त करते हुए ई-हस्ताक्षर की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### इसलिए उपयोगी है किसान रजिस्ट्री

भविष्य में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। राज्य एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों को प्रदान करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। भविष्य में नामांतरण एवं क्रय-विक्रय पंजीयन की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी।

### किसान रजिस्ट्री से किसानों को लाभ

किसान आईडी (बिना अतिरिक्त दस्तावेज) के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी।

पात्र किसान का प्रधानमंत्री-किसान/मुख्यमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वतः जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा। इसके अतिरिक्ति किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण आसानी एवं शीघ्रता से मिल सकेगा। किसानों को फसलों के लिए सेवाओं और बाजारों का व्यापक विकल्प मिल सकेगा। किसान अपनी फसलों, मृदा की स्थिति और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुसार परामर्श सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, सरकारी योजनाओं में लाभों का समान वितरण सुनिश्चित हो सकेगा, साथ ही लाभ से वंचित पात्र किसानों की पहचान संभव होगी ।

## बाबा कुंदनदास गौशाला का वार्षिकोत्सव समारोह 27 फरवरी को



### गौशाला कमेटी सदस्यों एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित

**जयपुर टाइम्स**

कोटपूतली(निस)। जिले की नीमराना तहसील के ग्राम कुतीना स्थित बाबा कुंदनदास गौशाला में सोमवार को गौशाला कमेटी सदस्यों एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें हर वर्ष फरवरी में होने वाले गौशाला के वार्षिकोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

पवन बाबा ने बताया कि गौशाला में करीब 380 गौवंश है। गौशाला कमेटी द्वारा गौवंश की पूरी देखभाल की जाती है। जिसके कारण गौशाला में गौवंश की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। समाजसेवी शंकर सिंह ने बताया कि आगामी 27 फरवरी को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया जायेग। बैठक में सचिव बलबीर सिंह, विक्रम सिंह, सरपंच रविन्द्र सिंह, रणधीर सिंह, दीवान सिंह, धर्मपाल सिंह, दीनदयाल शर्मा, पिंटू, नवीन पंडित, बिजेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्री देवनारायण समाज में व्याप्त अन्याय, अत्याचार, बुराईयों व कुरीतियों से संघर्ष के प्रतीक : कसाना

**जयपुर टाइम्स**



कोटपूतली(निस)। गुर्जर समाज के आराध्य, सुप्रसिद्ध लोक देवता भगवान श्री देवनारायण का 1113 वाँ जन्मोत्सव मंगलवार को श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रद्धालूओं ने अपार जोश, उल्लास व उत्साह के साथ संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में भाग लिया। ग्राम अमाई स्थित श्री भोमियां जी मंदिर से श्री देव महाराज की ध्वज पद यात्रा ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर पहुँची। जहाँ भगवान को ध्वज अर्पित किये गये। इस दौरान श्रद्धालूओं ने भगवान श्री देवनारायण के जयकारों के साथ ध्वज अर्पित किये। साथ ही ग्राम खुर्दी, कल्याणपुरा खुर्द, पाथरेड़ी, पूतली व कसाना की ढ़ाणी से भी देव भक्तों के द्वारा लाये गये ध्वज अर्पित किये गये। सभी भक्तों का माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष कसाना समेत समिति सदस्यों ने भगवान देवनारायण से सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। कसाना ने कहा कि भगवान श्री देवनारायण ने समाज में व्याप्त अन्याय, अत्याचार, बुराईयों व कुरीतियों से संघर्ष किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गो व जातियों को साथ लेकर एकजुटता का संदेश दिया। इसी की आज के समय में आवश्यकता है। इस मौके पर प्रसादी का वितरण भी किया गया। आयोजन के दौरान महंत कैलाश दास, नांगल चौधरी विधायक मंजू चौधरी, विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल, करण पटेल, पीसीसी महासचिव देव कसाना, श्री देवनारायण सेवा समिति के अध्यक्ष दयाराम कसाना, भोमियां बाबा भक्त रामजीलाल कसाना, मंदिर समिति अध्यक्ष पन्नालाल कसाना, देव मंदिर भक्त मोहन लाल गुरूजी, एड. दयाराम गुर्जर, सरपंच लीलाराम कसाना, सुरेश दिल्ली पुलिस, प्रधानाचार्य पूरण कसाना व रामौतार गुर्जर, पंसस प्रतिनिधि विक्रम कसाना, एड. कमल कसाना, बिल्लू गुर्जर, कैलाश सुंदरपुरा, रामेश्वर कसाना, हीरालाल सेठ पूतली, योगेश पटेल, अशोक राज पटेल, यातायात सलाहकार सुभाष गुर्जर, मनीष, सोणाराम गुर्जर, लालाराम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

## कोटखावदा बिजली विभाग कार्यालय के सामने धरने पर बैठे किसान



**जयपुर टाईम्स**

चाकसू (निस.)। चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा तहसील के गांवों में लगातार अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों ने सोमवार व मंगलवार को धरना प्रदर्शन जारी रखा।

मंगलवार दूसरे दिन भी किसानों ने बिजली विभाग कार्यालय कै सामने धरने पर बैठकर अपनी मांग पर अठे रहें। किसानों ने बताया कि समय पूरी बिजली नहीं मिलने से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है ऐसे में थ्री फेस बिजली 4 घंटे के आसपास ही मिल रही है ऐसे में समय पर पूरी बिजली नहीं मिलने पर फसलों में पानी की आपूर्ति समय पर नहीं हो रही है धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों में काफी आक्रोश देखने कै मिला। समस्या का समाधान नहीं होने तक धरना प्रदर्शन रहेगा। धरने के दौरान मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों व किसानों के बीच वार्तालाप चालू है वार्तालाप के दौरान बिजली विभाग द्वारा किसानों की मांग को मानते हुए दिन में 5 घंटे 30 मिनट बिजली देने को लेकर सहमति बनने पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। पर्याप्त बिजली की मांग को लेकर राडोली सरपंच, बापूगांव सरपंच, बड़ोदिया सरपंच सहित आसपास के सैकड़ों किसान मांग को धरने पर बैठे रहे।

**फार्मर रजिस्ट्री अभियान**

# 5 फरवरी से 31 मार्च तक ग्राम पंचायतों मुख्यालयों पर होगा तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन

## किसानों को मिलेगी डिजिटल पहचान, ऑनलाइन होगा रिकॉर्ड

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को सशक्त करने के लिए डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को सम्पूर्ण राजस्थान में लागू किया जा रहा है । इस योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में 5 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जहाँ किसानों की फार्मर आई.डी. बनाई जाएगी।

### सुबह 9:30 से शाम 5:30 तक चलेंगे शिविर

इन शिविरों में किसान जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथियों को प्रातः 9-30 बजे से सायं 5-30 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।

### बेहद सरल है किसान आईडी बनवाने की प्रक्रिया

सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविरों का कार्यक्रम जिला कलक्टर द्वारा निर्धारित किया गया है जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । इसके लिए एक पोर्टल भी बनाया गया है । इस पोर्टल WWW.Rjfrc.Rajasthan.gov.in से आप अपने शिविर की तिथियों व स्थान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । शिविरों में किसान को रजिस्ट्रेशन होने पर एक एनरोलमेंट स्लिप दी जाएगी । जिसके 24 घंटे के अंदर किसान के मोबाइल नंबर पर फार्मर रजिस्ट्री मैसेज के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी ।

### हर किसान को मिलेगी 11 अंकों की एक विशिष्ट पहचान

किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे।

किसान आईडी डिजिटली सत्यापन योग्य पहचान है, जिसे www.rjfr.agristack.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते है। फार्मर आईडी जनरेट होने के बाद भूमि संशोधन (खसरा जोड़ने या हटाने) के लिए पटवारी, भू-अभि. निरीक्षक या तहसीलदार से सम्पर्क किया जा सकता है। इस हेतु मोबाइल एप/वेबसाइट द्वारा प्रदेश के समस्त कृषकों के स्वामित्व वाले सभी खसरों को सम्मिलित करते हुए कृषक के 'आधार' से लिंक कराया जायेगा, तत्पश्चात कृषक से ऑनलाइन सहमति प्राप्त करते हुए ई-हस्ताक्षर की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### इसलिए जरूरी है किसान रजिस्ट्री

भविष्य में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। राज्य एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों को प्रदान करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। भविष्य में नामांतरणकरण एवं क्रय पंजीयन की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी।

### किसान रजिस्ट्री से किसानों को लाभ

किसान आईडी (बिना अतिरिक्त दस्तावेज) के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी। पात्र किसान का प्रधानमंत्री-किसान/मुख्यमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वतः जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा।

इसके अतिरिक्ति किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण आसानी एवं शीघ्रता से मिल सकेगा। किसानों को फसलों के लिए सेवाओं और बाजारों का व्यापक विकल्प मिल सकेगा। किसान अपनी फसलों, मृदा की स्थिति और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुसार परामर्श सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे । साथ ही, सरकारी योजनाओं में लाभों का समान वितरण सुनिश्चित हो सकेगा, साथ ही लाभ से वंचित पात्र किसानों की पहचान संभव होगी ।

## संपादकीय .....

# दिल्ली के जनादेश की गूंज बहुत दूर तक सुनाई देगी, दांव पर केजरीवाल और राहुल गांधी की प्रतिष्ठा

देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। बुधवार, 5 फरवरी को दिल्ली के डेढ़ करोड़ से ज्यादा मतदाता, अपने-अपने वोट के जरिए दिल्ली की अगली सरकार को चुनेंगे। यह फैसला करेंगे कि वह दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री किस राजनीतिक दल से बनाने जा रहा है। दिल्ली के मतदाताओं ने किसे जनादेश दिया है,यह खुलासा तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही हो पाएगा। लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि देश की राजधानी दिल्ली से निकले जनादेश की गूंज बहुत दूर तक सुनाई देगी।

कहने को तो, यह भी कहा जा सकता है कि दिल्ली एक पूर्ण राज्य भी नहीं है और केवल 70 विधायकों वाली विधानसभा का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भला कैसे पड़ सकता है लेकिन यह तर्क अपने आप में पूरी तरह से गलत और बेमानी है। दिल्ली में वैसे तो मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी बनाम भारतीय जनता पार्टी का ही माना जा रहा है। लेकिन अपने राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस ने कई विधानसभा सीटों पर चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है। इंडिया गठबंधन के बिखरने की आशंका से डरे हुए कांग्रेस आलाकमान ने चुनाव प्रचार अभियान के शुरुआती दौर में थोड़ी हिचक जरूर दिखाई। लेकिन बाद में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने जिस अंदाज में चुनावी रैलियां की, रोड शो किए,उसने दिल्ली की चुनावी लड़ाई को काफी दिलचस्प बना दिया है।

दिल्ली में एक तरफ आम आदमी पार्टी है, जो वर्ष 2013, 2015 और 2020 के बाद अब वर्ष 2025 में लगातार चौथी बार दिल्ली में सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है। यह चुनाव आम आदमी पार्टी से ज्यादा उनके नेता अरविंद केजरीवाल के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। क्योंकि दिल्ली की हार अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर देगा और पार्टी के अंदर भी कई तरह के सवाल उठने लगेंगे। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा है जो देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल के अपने वनवास को खत्म करना चाहती है। इससे पहले भाजपा दिल्ली में 1993 में सत्ता में आई थी। वर्ष 1993 में चुनाव जीतकर भाजपा ने मदन लाल खुराना को अपना मुख्यमंत्री बनाया था। जैन हवाला डायरी में नाम आने के कारण, खुराना को इस्तीफा देना पड़ा और साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। लेकिन चुनाव से कुछ महीने पहले भाजपा आलाकमान ने उन्हें हटाकर सुषमा स्वराज को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। हालांकि वह भी दिल्ली में भाजपा को जीत नहीं दिला पाई और 1998 में कांग्रेस से हार कर पार्टी को सत्ता गंवानी पड़ गई। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पहले कांग्रेस ने लगातार तीन बार हराया और उसके बाद आप भी लगातार 3 चुनाव हरा चुकी है। दिल्ली की चुनावी रेस में तीसरे नंबर की पार्टी माने जाने वाली कांग्रेस इस बार सरकार बनाने से ज्यादा किंग मेकर के रूप में उभरना चाहती है।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण




कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5ब्र बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज़्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरुआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है। आईसीएमआर के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वस्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है।

**- रमेश सर्राफ धमोरा**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है।

यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं।

**-ललित गर्ग**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है।

## शख्सियत

# घुंघरू की झंकार से दर्शकों को मनमोहित करते थे बिरजू महाराज



सुप्रसिद्ध कथक नर्तक बिरजू महाराज का 04 फरवरी को जन्म हुआ था। वह एक ऐसी शख्सियत थे, जो घुंघरू की झंकार से दर्शकों का दिल मोह लेते थे। जब बिरजू महाराज नृत्य करते थे, तो उनके पैरों में बंधे घुंघरू भी बात किया करते थे। एक नर्तक के लिए ताल और घुंघरू का तालमेल करना आम बात है। लेकिन बिरजू महाराज घुंघरू की झनकार से दर्शकों को मनमोहित कर लेते थे। उन्होंने कथक को न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व में एक अलग मुकाम पर पहुंचाया था। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर बिरजू महाराज के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 04 फरवरी 1938 को बिरजू महाराज का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम जगन्नाथ महाराज और मां का नाम अम्मा महाराज था। जब वह 3 साल के थे, तो उनके पिता ने नृत्य की प्रतिभा को देखते दीक्षा देना शुरू कर दिया था। जब वह 9 साल के थे तो उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। फिर बिरजू महाराज ने चाचा आचार्य शंभू और लच्छू महाराज से दीक्षा लेना शुरूकर दिया। फिर कुछ सालों बाद वह दिल्ली आ गए और संगीत भारती में बच्चों को कथक सिखाना शुरूकर दिया था।

### नृत्य स्कूल की स्थापना

कथक के अलावा बिरजू महाराज को पखावज नाल, सितार और तबला आदि वाद्य यंत्र में महारत हासिल किया था। वहीं बिरजू महाराज एक अच्छे गायक होने के साथ कवि और चित्रकार थे। कथक को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने नृत्य स्कूल कलाश्रम की स्थापना की। इस स्कूल में कथक के अलावा इससे संबंधित विषयों पर शिक्षा दी जाती थी। उन्होंने कथक को एक अलग पहचान देने का काम किया था। हालांकि बिरजू महाराज का सफर लंबा है। इस दौरान उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में नृत्य का निर्देशन किया। उन्होंने शतरंज के खिलाड़ी, दिल तो पागल है, गदर एक प्रेम कथा, डेढ़ इश्किया, देवदास के अलावा बाजीराव मस्तानी में नृत्य का निर्देशन किया है।

### सम्मान


बता दें कि अपने लंबे सफर में बिरजू महाराज ने कई प्रसिद्धियां बटोरी हैं। साल 1986 में उनको पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी और कालिदास सम्मान से सम्मानित किया गया था। फिर साल 2002 में लता मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वहीं साल 2012 में बिरजू महाराज को सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार फिल्म विश्वरूपम से सम्मानित किया गया था। फिर साल 2016 में पंडित बिरजू महाराज को फिल्म बाजीराव मस्तानी के गाने रंग दो लाल के लिए फिल्म फेयर से नवाजा गया।

### मृत्यु

वहीं 17 जनवरी 2022 को बिरजू महाराज ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

# स्वास्थ्य जयपुर टाइम्स






## रिलीज के कुछ घंटे बाद ही पाइरेसी की शिकार हुई देवा, शाहिद कपूर को लगा झटका

**शाहिद कपूर की बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म देवा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन रिलीज के कुछ ही घंटों बाद ऑनलाइन लीक हो गई। शाहिद कपूर अभिनीत यह फिल्म कथित तौर पर बड़े पर्दे पर आने के तुरंत बाद कई अवैध वेबसाइटों पर अपलोड कर दी गई थी।यह घटना भारतीय सिनेमा को निशाना बनाकर साइबर चोरी का एक और मामला है।**

### कलेक्शन पर होगा असर

देवा के पाइरेटेड संस्करण कई अवैध वेबसाइटों पर देखे गए हैं। देवा मूवी डाउनलोड, देवा मूवी एचडी डाउनलोड, देवा तमिलरॉकर्स, देवा फिल्मजिला, और देवा टेलीग्राम लिंक्स जैसे कीवर्ड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहे हैं। यह फिल्म कई फॉर्मेट में कई वेबसाइटों पर उपलब्ध है। देवा का ऑनलाइन लीक होना इसकी बॉक्स ऑफिस संभावनाओं के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

### फिल्म के कलाकार

यह फिल्म शुरुआती तौर पर देश भर के सिनेमाघरों में भारी भीड़ खींच रही है, जिसमें शाहिद कपूर ने एक विद्रोही पुलिस अधिकारी देव अम्बरे की भूमिका में अभिनय किया है। मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित इस थ्रिलर-ड्रामा में पूजा हेगड़े एक खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं, जबकि कुब्रा सैत और पावेल गुलाटी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं।

### कई फिल्में हो चुकी हैं पाइरेसी का शिकार

देवा से पहले भी कई फिल्में पाइरेसी का शिकार हो चुकी हैं। अक्सर हर फिल्म ही पाइरेसी का शिकार हो जाती हैं। इससे पहले साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर भी पाइरेसी का शिकार हुई थी, जिस पर निर्माताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक्शन भी लिया था। इस मामले में पुलिस केस भी किया गया और एक आरोपी को हिरासत में भी लिया गया था।



## मैं 7-8 साल की थी तभी से लोग मेरे बारे में बोलते हैं, बहुत बुरा लगता था

माता-पिता श्रीदेवी और बोनी कपूर की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर उत्साहित भी हैं और नर्वस भी। ओटीटी पर द आर्चीज से अपने अभिनय का श्रीगणेश करने वाली खुशी अब आने वाली फिल्म लवयापा में प्यार-मोहब्बत की उलझनों को दर्शाती नजर आएंगी। इस मुलाकात में वे अपनी फिल्म, महिला मुद्दों, माता-पिता और ट्रोल्स के बारे में खुलकर बात कर रही हैं।

**इंडस्ट्री में जब भी दो बहन या भाई आते हैं, तो उनके बीच सिबलिंग राइवलरी की चर्चा होने लगती है। आपकी बहन जाह्नवी कपूर से आपकी बॉन्डिंग काफी है, क्या कहना चाहेंगी?**

मैं ऐसा कुछ मानती ही नहीं। मुझे नहीं लगता कि दो बहनों के बीच ऐसा कुछ होता होगा। हां, हम दोनों बहनें एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। मैं जाह्नवी से काफी सवाल पूछती रहती हूं। जाह्नवी का सिर खा जाती हूं। काम की बात हो या किसी फंक्शन में कोई आउटफिट पहनना हो। मैं उससे सवाल पर सवाल करती रहती हूं। मैं उसको आउटफिट के पिक्स ले-लेकर भेजती रहती हूं और पूछती रहती हूं कि क्या पहनूं। क्या करूं! मुझे लगता है कि मैं उनके अनुभव से काफी कुछ सीख सकती हूं। वो जो कहती हैं, मैं वैसा ही करती हूं।

**आपके फिल्मकार पिता बोनी कपूर से आपने क्या टिप्स लिए इंडस्ट्री में आने के लिए?**

मैं अपने डैड से पूछे बिना कुछ नहीं करती। मैं इंडस्ट्री में नई हूं और वे काफी अनुभवी हैं, तो स्क्रिप्ट्स की बात हो या काम की, मैं हमेशा उन्हीं से सलाह लेती हूं। वे हमेशा मुझे एडवाइज देते हैं और मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

**आपकी नजर में सबसे आइडियल कपल कौन है?**

बेशक मेरे माता-पिता। मैं अपने माता-पिता से बहुत प्यार करती हूं। वही मेरी नजर में सबसे आदर्श कपल हैं। हर कोई बचपन से अपने माता-पिता को ही देखता है एक आदर्श के रूप में। उनकी आदतें, उनके मूल्यों और विश्वास को ही वे अपनाते हैं। उनकी गलतियों से सीखते हैं। मैंने प्यार का अहसास अपने माता-पिता के रिश्ते से सीखा। जिस तरह वे एक-दूसरे को चाहते थे। मैं भी उसी तरह का प्यार और रिश्ता चाहूंगी।

**आपकी फिल्म रिलेशनशिप और प्यार-मोहब्बत पर आधारित है। क्या आप उनके सिचुएशनशिप, बेंचिंग, रेड फ्लैग, घोस्टिंग जैसे टर्म्स से वाकिफ हैं?**

मुझे रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग के बारे में तो पता है। ये समझना आसान है। बाकी दूसरे टर्म्स से मैं वाकिफ नहीं हूं। मैं देखती हूं कि हर दिन कुछ नया आ जाता है। मगर मैं इतना कह सकती हूं कि प्यार एक अहसास है। वह अब भी वैसा ही है, जैसे पहले था। हां, कॉम्प्लिकेशन्स भी हैं। बस अब ये एक्स्ट्रा टर्म्स आ गए हैं। जैसे हमारी फिल्म ही ले लीजिए। इसमें फोन के कारण काफी जटिलताएं आ जाती हैं। हमारी फिल्म में आपको पुरानी फिल्मों वाला प्यार-मोहब्बत मिलेगा, मगर हमने न्यू एज जेनरेशन के लव और उनकी समस्याओं को भी दर्शाया है।

**सोशल मीडिया पर आप कितना वक्त बिताती हैं? ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं?**

मैं भी दूसरों की तरह सोशल मीडिया पर काफी वक्त बिताती हूं। रील्स देखती रहती हूं। कोशिश करती हूं कि अपना स्क्रीन टाइम कम कर सकूं, मगर कर नहीं पाती, क्योंकि सारा काम फोन पर ही होता है। हमारी पूरी जिंदगी फोन पर है। वैसे कंट्रोल नहीं है मेरा। जहां तक ट्रोल्स की बात है, तो वह मेरे फिल्मों में आने से पहले ही थे। जब मैं 7-8 साल की थी, तभी से लोग मेरे बारे में कुछ न कुछ तो बोलते ही रहते थे इंटरनेट पर। अब तो काफी हद तक आदत हो गई है, मगर जब मैं छोटी थी, तब बहुत बुरा लगता था कि मेरे बारे में ऐसा क्यों लिखा जा रहा है। मगर अब लगता है कि लोग तो कहेंगे ही। मैं उसे कंट्रोल नहीं कर सकती। लोगों को एक इम्प्रेशन है मुझे लेकर कि मैं इंडस्ट्री से हूं, तो शायद मैं ऐसी हूं या वैसी हूं। लोगों को लगता है कि अगर ये इंडस्ट्री से हैं, तो शायद ईमानदारी से काम नहीं करेंगी। मगर वे गलत हैं। अगर मैं दिन भर ट्रोल्स के कॉमेंट पढ़ूं, तो मुझे बुरा ही लगेगा। मैं ज्यादातर उन्हें इग्नोर करती हूं। मैं अपना काम बेहतरीन ढंग से कर सकती हूं और उम्मीद करती हूं कि लोग मुझे पसंद करें।



पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है।

## राजकुमार राव-पत्रलेखा ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। नए उद्यम का नाम उनकी माताओं (कमलेश यादव और पापरी पॉल) के लिए प्यारी याद है, क्योंकि इसमें उनके नाम के पहले अक्षर शामिल हैं। दोनों ही कलाकार इस प्रयास में उद्योग जगत के अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस के नाम का मतलब भी समझाया है।

### कपल ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है। अपने नए उद्यम के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, काम्पा का शुभारंभ हमारे लिए एक भावनात्मक मील का पत्थर है। सिनेमा ने हमारे जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह बदले में कुछ देने का हमारा तरीका है।

### राजकुमार राव ने जताई खुशी

राजकुमार ने आगे कहा, हम ऐसी कहानियां बताने के लिए एक मंच बनाना चाहते थे, जो मनोरंजक और प्रेरणादायक होने के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी गूंजती हों। यह यात्रा हमारे दिल के बहुत करीब है और हम दर्शकों के लिए ताजा और अनूठी कहानियां लाने के लिए उत्सुक हैं। कपल का उद्देश्य है कि वे काम्पा फिल्म्स को एक मंच के रूप में उपयोग करके विविध कहानियां सुनाएं, जो दर्शकों के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक रूप से जुड़ती हों।

### कुछ प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है प्रोडक्शन हाउस

काम्पा फिल्म्स ने कुछ प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसकी घोषणा आने वाले महीनों में की जाएगी। प्रोडक्शन हाउस को उम्मीद है कि वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगा। उनका लक्ष्य ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करना है, जिससे लोगों को संदेश भी मिले और उनका मनोरंजन भी हो जाए।

## विजय की जासूसी थ्रिलर फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा? भाग्यश्री बोरसे भी आएंगी नजर

विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म वीडी 12 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वीडी 12 की रिलीज से पहले इस फिल्म के टीजर का प्रशंसकों को इंतजार है। इस फिल्म के शीर्षक को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। लेकिन अब लगता है फिल्म को एक टाइटल मिल गया है। बहरहाल, कथित तौर पर वीडी 12 का नाम साम्राज्यम रखा गया है।



### फिल्म का शीर्षक

साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा गौतम थिन्नानुरी द्वारा निर्देशित फिल्म वीडी 12 में नजर आएंगे। निर्माता नागा वामसी द्वारा वीडी 12 का शीर्षक तय किए जाने की घोषणा के बाद, फिल्म के शीर्षक के बारे में अफवाहें फैलनी शुरू हो गई हैं। चर्चा के अनुसार, फिल्म का शीर्षक साम्राज्यम है, लेकिन अभी तक फिल्म के शीर्षक की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी

भारी भरकम बजट में बन रही इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। भाग्यश्री को उनकी फिल्म मिस्टर बच्चन में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी।

### फिल्म का बजट

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शीर्षक और एक झलक 7 फरवरी, 2025 को सामने आ सकती है। यह अखिल भारतीय फिल्म सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बीच एक संयुक्त सहयोग है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत तैयार कर रहे हैं।

### फिल्म की शूटिंग

बहरहाल, विजय इन दिनों वीडी 12 की शूटिंग में व्यस्त हैं। जानकारी के अनुसार, फिल्म का टीजर 7 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाएगा और निर्माता नागा वामसी ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि वीडी 12 को दो भागो में रिलीज किया जाएगा और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल, वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है।





## हंटर 2 का टीजर जारी जैकी श्रॉफ से दो-दो हाथ करेंगे सुनील शेट्टी

**बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर के दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अभिनेता ने शूटिंग की एक झलक साझा की, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब, निर्माताओं ने भी सीरीज के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है।**

### सुनील शेट्टी का दमदार अवतार

हंटर सीरीज को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। वहीं, अब फैंस हंटर 2 के लिए तैयार हैं। ऐसे में ओटीटी चैनल के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सीजन 2 की भी घोषणा की। इस आकर्षक प्रमोशनल वीडियो में सुनील शेट्टी को एक दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं।

### निर्माताओं की पोस्ट

वीडियो साझा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का टीजर वीडियो साझा करते हुए लिखा, हंटर वापस आ गया है...याद है ना, यह टूटेगा नहीं, तोड़ेगा। हंटर सीजन 2, जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी सीरीज की आधिकारिक रिलीज डेट का एलान नहीं किया है, लेकिन यह शो इसी साल दर्शकों का मनोरंजन करेगा।

### कलाकार और टीम

वहीं, बात करें सीरीज के कलाकारों की तो सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ के साथ हंटर 2 में बरखा बिष्ट, अनुषा दांडेकर भी हैं। सीरीज के निर्माता विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार हैं। सीरीज का निर्माण सारेगामा इंडिया, यूडली फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित इस सीरीज को खुश मलिक, अली हाजी और वीर ने मिलकर लिखा है।

## 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं राम कपूर



राम कपूर टीवी सीरियल्स की दुनिया का मशहूर नाम हैं, साथ ही वह फिल्मों, वेब सीरीज में भी अलग-अलग तरह के किरदार करते हैं। इस समय वह अपनी वेट लॉस जर्नी को लेकर काफी चर्चा में हैं। लगभग 6-8 महीने में राम कपूर ने 55 किलो वजन कम किया है। हाल ही में राम कपूर को साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट में देखा गया। यहां पर वह अपनी वेट लॉस जर्नी और अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर बात करते हुए दिखे। इस दौरान उन्होंने फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का जिक्र किया। राम कपूर ने साइरस ब्रोचा को उनके पॉडकास्ट में बताया कि वह फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा हैं। वह इसे एक कमाल की फिल्म बताते हैं। आगे राम बताते हैं कि फिल्म में वह अक्षय कुमार और अरशद वारसी के किरदारों की तरह ही एक वकील के किरदार में हैं। यह रोल छोटा जरूर है लेकिन बहुत ही असरदार है। वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। राम कपूर आगे बताते हैं कि वह वह आयुष्मान खुराना के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं। इसकी कुछ शूटिंग हो चुकी हैं बाकी कश्मीर में होगी। वह जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग के लिए कश्मीर जाएंगे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
5 फरवरी, 2025

## कलक्टर ने पंच गौरव के प्रोत्साहन व संवर्धन के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला स्तर पर चिन्हित पंच गौरव एक जिला एक उत्पाद, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति, एक जिला एक पर्यटन स्थल, एक जिला एक खेल और एक जिला एक उपज के संवर्धन एवं विकास हेतु कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में सोमवार को जिला कलक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को पंच गौरव के संवर्धन के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक पूनम कटेवा ने पंच-गौरव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी व बताया कि पंच-गौरव कार्यक्रम के माध्यम से जिले में पर्यटन, कृषि, वनस्पति संरक्षण और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामस्वरूप सैनी का छात्रावास समिति ने किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बास्केटबॉल के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले व खेल के क्षेत्र में सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाले और राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल में युवाओं के चयन में अहम योगदान देने वाले शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप सैनी को विभागीय पदोन्नति में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति की ओर से छात्रावास प्रांगण में साफा व मोतियों की माला पहनाकर, छात्रावास का दुपट्टा व प्रतिक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया के नेतृत्व आयोजित संक्षिप्त व गरिमामय समारोह में आयोजित अभिनंदन में भूमि प्रदाता विनोद गौड़, संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल, फाइनेंस कंसल्टेंट झाबरमल सिंगोदिया, राहुल बागड़ी, अनिल सैनी, संदीप पिपलोदिया, मुकेश गौड़, नथमल चुनवाल, बाबूलाल सैनी सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

## धर्मांतरण विरोधी विधेयक सनातन संस्कृति की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः पारीक

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025' को विधानसभा में पेश किए जाने पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्षा अरविन्द पारीक ने इसका स्वागत किया है। उन्होंने इसे राजस्थान की सनातन संस्कृति और मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पारीक ने मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा कि पिछले दो दशकों से इस तरह के कानून की मांग की जा रही थी। उन्होंने 'राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2023' नामक एक गैर-सरकारी विधेयक पेश किया था। लेकिन, कांग्रेस सरकार के शासन में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष ने इसे संविधान के अनुच्छेद 25 के विरुद्ध बताते हुए खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा की मतांतरण पर हमेशा स्पष्ट नीति रही है कि हर व्यक्ति को धर्म चुनने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है, लेकिन बलपूर्वक धर्मांतरण अस्वीकार्य है। पारीक ने भाजपा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि अवैध धर्मांतरण रोकने और कड़ी सजा के प्रावधान वाले इस विधेयक को विधानसभा में पेश करना एक बड़ी सकारात्मक पहल है। इससे राजस्थान की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को मजबूती के साथ संरक्षित किया जा सकेगा।

## फर्जी इंस्टाग्राम-फेसबुक आईडी से करता था वीडियो कॉल

**दौसा(निसं.)** दौसा की महिला थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महिलाओं को सोशल मीडिया के जरिए जाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बना सेक्सटॉर्शन के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी सागर राणा के निर्देशन में हुई कार्रवाई में पुलिस ने सवाई माधोपुर जिले के बाटोदा क्षेत्र के रहने वाले आरोपी रमन मीणा को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 30 जनवरी को पुलिस को मिली थी कि मार्च 2024 में एक अनजान नंबर से कॉल व मैसेज आए और जानकारी के बहाने बातों में उलझाकर वीडियो कॉल पर मजबूर कर दिया। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि वीडियो कॉल पर अश्लील वीडियो बना लिए, इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपए फोन पर अकाउंट में डलवा लिए। इसके बाद अश्लील वीडियो भेजकर आए दिन धमकी देता और कई अन्य महिला अधिकारी-कर्मचारियों को फंसाकर पैसे एठ चुका है। यही नहीं महिलाओं को जेवरात बेचने तक मजबूर कर देता है। वह फर्जी इंस्टाग्राम आईडी व फेसबुक से महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर उनकी अश्लील वीडियो बनाता था। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आरोपी रमनलाल उर्फ नरेंद्र मीणा पुत्र छुट्टन लाल मीणा निवासी काजी कुंडली मोरपा थाना बाटोदा सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है।

### समाज गौरव पुस्तक सैनी समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगी

# झुंझुनूं प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने किया पुस्तक का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सैनी कर्मचारी व अधिकारी संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में मंगलवार को सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के सिविल लाइंस आवास पर 'समाज गौरव' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर सैनी कर्मचारी व अधिकारी संस्था के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश धूपिया और ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी सहित संस्था की पूरी टीम और सदस्य उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि 'समाज गौरव' पुस्तक सैनी समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। यह पुस्तक समाज के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को उजागर करते हुए प्रकाशित की गई है। पुस्तक के संपादक वरिष्ठ अध्यापक संदीप सैनी, जीवाराम की ढाणी की ओर से इसे उकेरा गया है। सामाजिक न्याय व मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि पुस्तकें हमें आपस में जोड़ने का काम करती हैं। पुस्तकें मनुष्य की



सबसे अच्छी मित्र होती हैं, जो उसके उज्जवल भविष्य की नींव रखती हैं। इस अवसर पर कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें पुस्तक के संपादक वरिष्ठ अध्यापक संदीप सैनी, प्राचार्य रामअवतार सैनी, बैंक मैनेजर नरेश सैनी, एसपी जीएसटी रमेश सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन सैनी डूंडलोद, मास्टर प्रदीप सैनी बगड़, व्याख्याता मुकेश सैनी, राकेश सैनी राजस्थान पुलिस, विजेंद्र सैनी अध्यापक, सत्यवीर सैनी पुलिस, पूरणमल सैनी पपुरना, व्याख्याता शम्भूदयाल सैनी, हरीश कमा पिलानी, सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी संस्था जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश धूपिया, प्रदेशाध्यक्ष सुरेश सैनी रेलवे, सैनी कर्मचारी व अधिकारी संस्था झुंझुनूं के प्रभारी बहादुर मल सैनी बड़ागांव, मदन लाल सैनी, अजमेर विधुत वितरण निगम श्रमिक संघ डिस्काम महामंत्री व सहायक लेखाधिकारी देवकरण सैनी चिड़ावा, माया सैनी राजस्थान पुलिस, सुरेंद्र सैनी एवीवीएनएल बगड़, गोपीराम सैनी, मनीष सैनी यूडीसी, कमलेश सैनी एओ, संजय सैनी सीबीइओ नवलगढ़, सुरेन्द्र सैनी चिडावा, रामस्वरूप सैनी और अन्य कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहें।

# स्कूलों में हर शनिवार को मनाएंगे नो प्लास्टिक डे: बच्चों को करेंगे जागरूक

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शिक्षा विभाग ने नई पहल की हैं। अब प्रत्येक शनिवार को सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में नो- प्लास्टिक डे मनाया जाएगा। इससे बच्चों में प्लास्टिक को लेकर जागरूकता आएगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा जयपुर के संयुक्त निदेशक ने निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत स्कूलों के दो सौ मीटर की परिधि क्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जाएगा। हर शनिवार को एक कालांश में नो प्लास्टिक डे मनाया जाएगा। जिसमें बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में बताया जाएगा। विद्यार्थियों और कार्मिकों को रोगों से मुक्त रखने के लिए प्रत्येक सप्ताह स्वच्छता अभियान भी आयोजित होगा।
अभियान के तहत प्रार्थना सभा में विद्यालय व परिसर को स्वच्छ रखने के लिए विद्यार्थियों और कार्मिकों को जागरूक किया जाएगा। विभाग के अधीन किसी भी कार्यालय-विद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना भी सुनिश्चित किया जाएगा। गौरतलब है कि सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय में पहले से सिंगल यूज प्लास्टिक




पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है। मगर जागरूकता के अभाव में अभियान सफल नहीं हो रहा। ऐसे में विभाग ने स्वच्छता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया। शिक्षा विभाग ने प्रत्येक शनिवार को नो-बैग डे के अवसर पर एक कालांश सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के महत्व को समझाने के लिए रखा है। जिसमें प्रत्येक शनिवार को नो-प्लास्टिक डे भी मनाया जाएगा। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग स्वयं के और परिजनों को नहीं करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मनोज ढाका ने बताया कि इस संबंध में आगे से निर्देश मिले है। हर शनिवार को एक कलांश में नो प्लास्टिक डे मनाया जाएगा। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## देवनारायण जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन, कलश यात्रा का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती धोली कोठी स्थित देवनारायण मंदिर पर भगवान देवनारायण कि 1113 वीं जयंती मनाई गई । इस अवसर पर लीलका धाम से 251 निशानों की शोभा यात्रा निकाली गई।देवनारायण मंदिर धोली कोठी के महंत लखन दास जी महाराज ने बताया की सुबह सवा पांच बजे लीलका धाम से संत मोहन दास जी महाराज के द्वारा 251 निशानों की पूजा अर्चना कर मंदिर से झांकी को रवाना किया। देव बाबा की झांकी नेशनल हाइवे आंतेला, भाबरू, लुहाकना मार्ग होते हुए लुहाकना कला शिव मंदिर पहुंची।मेला कमेटी के अध्यक्ष पूरण लोमोड ने बताया की सवा नौ बजे से लुहाकना कला शिव मदिर से 251 महिलाओ के के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। देव बाबा की झांकी शिव मंदिर लुहाकना से भौमिया बाबा मैन मंदिर, मैन बाजार लुहाकना कला ,डेहरा, बीलवाड़ी मार्ग होते हुए देवनारायण मंदिर धोली कोठी तक पहुंची।रास्ते मे देव बाबा के गानों पर डी.जे.धुन, के माध्यम से भक्तों ने जमकर डांस किया।साथ ही रास्ते मे झांकी का जगह-जगह स्वागत किया गया व ड्रॉन से पुष्प वर्षा की गई। झांकी मंदिर के परिसर को परिक्रमा कर क्षेत्र मे अमन-चैन व कुशहाली की कामना की। उनके बाद मदिर मे निशान व कलश चढ़ाये।यात्रा के साथ पुलिस प्रशासन के साथ दमकल व मेडिकल टीम मौजूद रही।मेला कमेटी के अध्यक्ष ने बताया तीन फरवरी की रात्रि को भगवान श्री देवनारायण की फड़ह खुलवाई गई जिसमें गायक कलाकार राजू तालवा रहे । कार्यक्रम मे दोपहर को प्रतिमा को भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई। जिसमें भाबरू, लुहाकना डेहरा,बीलवाड़ी बासउदय सिँह, चतरपुरा सहित स्थानीय श्रद्धालुऔ ने प्रसादी ग्रहण की।इस दौरान मंदिर परिसर को रगीन रौशनी व फुल-मालाओं से सजाया गया।कार्यक्रम मे लीलका धाम से मोहन दास महाराज, श्याम मंदिर से अरुण भारती महाराज पधारे मे जिनका देवनारायण निर्माण कमेटी के अध्यक्ष छाजुराम दहिया द्वारा स्वागत किया गया।कार्यक्रम मे रामसिंह सूद एंड पार्टी के द्वारा नेहड़ा भजनों के माध्यम से भगवान देवनारायण की जन्म कथा का वर्णन किया गया। कथा सुनकर सभी भक्त मन मोहित हुए। इस दौरान कोषाध्यक्ष श्रवण चौधरी,शिम्भु दहिया,श्योकरण कोलीं, कन्हैया लाल,कैलाश रघुवीर गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ताओं में व्यवस्था बनाए रखी।

# बाल कलाकार ने महाकुंभ-समुद्र मंथन की बनाई पेंटिग

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं का बाल कलाकार अपनी अद्भुत पेंटिंग से महाकुंभ और समुद्र मंथन का महत्व समझा रहा है। पेंटिंग लोगों को खूब आकर्षित कर रही है। झुंझुनूं शहर के बसंत विहार के रहने वाले 10 वर्षीय जियान चौधरी देवी देवताओं और महापुरुषों के स्केच बना चुके है। उनकी पेंटिंग्स बच्चों और बड़ों को भी प्रेरणा दे रहे हैं। चौथी कक्षा के स्टूडेंट जियान ने ख्यातिप्राप्त आर्टिस्ट राजा रवि वर्मा की कलाकृतियों से प्रभावित होकर कोरोना काल में पेंटिंग बनाना शुरू की थी। बाल कलाकार ने महाकुंभ और समुद्र मंथन अद्भुत पेंटिंग की। वहीं सनातन संस्कृति से प्रभावित होकर उसने पौराणिक देवी-देवताओं की पेंटिंग्स बनाना शुरू किया। वह अभी



तक रामलला, हनुमान, लक्ष्मी समेत अनेक देवी-देवताओं और महापुरुषों की पेंटिंग्स बना चुका है। अभी महाकुंभ को अपने पेंटिंग में उतार रहे है। जियान अब तक रामलला, हनुमान, लक्ष्मी समेत अनेक देवी- देवताओं और महापुरुषों की पेंटिंग्स बना चुका है। जियान चौधरी प्रधानमंत्री मोदी और योगी के भी बहुत बड़े फैन है। पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से प्रेरित होकर सनातन धर्म को बारीकी से जानने और सीखने लगा। जियान बताया कि सनातन धर्म, धर्म ही नहीं बल्कि एक विज्ञान है। उसको जितना सीखा जाए उतना ही कम है। महापुरुषों और देवी देवताओं की पेंटिंग बनाने का प्रयास करूंगा ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सके। जियान की मां ने बताया कि वह बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति का है। हर समय उसके दिमाग और दिल में देवी देवताओं, महापुरुष, महाकाव्य पुराण जैसी बातें चलती रहती है। कारोनाकाल में पहली बार पेंटिंग बनाई थी, आज के समय में बच्चे मोबाइल और टीवी से चिपके रहते थे, लेकिन जियान का रुझान कोरोना काल से ही इस तरह की पेंटिंग्स की तरफ रहा है।

## नवनिर्मित शिव मंदिर के पास गंदे पानी का भराव, आमजन परेशान



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 में ब्रह्म बगीची के पास नवनिर्मित शिव मंदिर के पास गंदे पानी का भराव आमजन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वार्ड के लोगों ने बताया कि यहां पर वर्षों से गंदे पानी का भराव हो रहा है और इस समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की लेकिन किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पहले यहां पर छोटे स्तर पर शिव मंदिर थ, उस दौरान भी गंदे पानी भराव से उसका भवन जर्जर हो चुका था और कई बार गंदा पानी मंदिर के अंदर घुस जाने से श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानी होती थी। अब इस शिव मंदिर का नवनिर्माण हो रहा है लेकिन गंदे पानी का भराव अभी भी मंदिर के उत्तर दिशा में हो रहा है। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन को लोगों की आस्था का केंद्र शिव मंदिर के पास जमा हो रहे गंदे पानी निकासी को लेकर स्थाई समाधान करना चाहिए। ताकि इस मंदिर की दीवार को भी कोई नुकसान ना हो। यहां पर जमा हो रहे गंदे पानी निकासी या स्थाई समाधान को लेकर नगर पालिका प्रशासन भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है और जनप्रतिनिधि भी किसी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या को गंभीर होकर स्थाई समाधान करना चाहिए ताकि शिव मंदिर के पास जो गंदे पानी का भराव हो रहा है उससे निजात मिल सके।

## शादी में जा रहे लोगों से भरी मिनी बस पलटी, एक ही परिवार के 8 लोग घायल



जयपुर टाइम्स

**चित्तौड़गढ(निसं.)** चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे पर एक मिनी बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 8 लोग घायल हो गए। इनमें से 3 घायलों को जिला हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। इस मिनी बस में एक ही परिवार के 18 लोग सवार होकर उदयपुर से कोटा शादी समारोह में जा रहे थे। परिजनों के अनुसार ड्राइवर नशे में था और झपकी आने के कारण ड्राइवर गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया। चित्तौड़गढ़-उदयपुर सिक्स लेन पर भादसोड़ा में अचानक एक मिनी बस उदयपुर से कोटा की ओर जा रही थी। इसमें एक ही परिवार के 18 लोग सवार थे। सभी लोग कोटा एक शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि ड्राइवर कोमल नशे में था। उसे कई बार मना किया उसके बावजूद भी उसने गाड़ी चलाने की जिद की। गाड़ी चलाते समय ड्राइवर को झपकी आ गई, इस कारण मिनी बस कंट्रोल के बाहर चली गई। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। राहगीरों ने हादसा देखा तो मौके पर पहुंचे। सभी सवारियों को बाहर निकाला। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से भादसोड़ा हॉस्पिटल लेकर गए। इनमें से 8 लोगों को ज्यादा चोट लगी थी। घायलों में गुडा (4) पुत्री भारत शर्मा, सालगराम पालीवाल (52) पुत्र हितेश पालीवाल, शालिग्राम (65) पुत्र राधाकिशन, संतोष (45) पत्नी अशोक पालीवाल, रेखा (55) पत्नी गोपाल, कौशल्या (65) पत्नी राज कुमार, शालिनी शर्मा (38) पत्नी भारत शर्मा, बानू (55) पत्नी दिनेश पालीवाल शामिल है। इनमें से कौशल्या, संतोष और बानू को चित्तौड़गढ़ जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया। सभी लो उदयपुर के गोपालपुरा के रहने वाले है।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला संपन्न



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में नांदी फाउंडेशन (महिंद्रा प्राइड क्लासरूम) के सौजन्य से सात दिवसीय रोजगारपरक कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। 27 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक चली इस कार्यशाला में प्रमुख प्रशिक्षक कनिका मिश्रा ने छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता, समय प्रबंधन, स्मार्ट गोल सेटिंग, धन प्रबंधन, इन्वेस्टमेंट, व्यावसायिक नीतियां व व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को ग्रुप डिस्कशन, रोल प्ले, रिज्यूम बनाना, इंटरव्यू तकनीक, मॉक इंटरव्यू, क्रिटिकल थिंकिंग व प्रॉब्लम सॉल्विंग जैसे जरूरी कौशल सिखाए गए। समापन समारोह में प्राचार्य प्रो. कविता गौतम, आइक्यूएसी संयोजक प्रो. उषा परनामी, नवाचार प्रकोष्ठ संयोजक प्रो. मीनाक्षी जैन एवं कनिका मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। नांदी फाउंडेशन की ओर से सुमन यादव, संजना कुमावत व योगिता सैनी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रो. दीपाली जैन, प्रो. माधुरी गोस्वामी, कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

## श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर संग किया नृत्य



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत संगीतमय कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र और भक्त अजामिल उपाख्यान की कथा सुनाई। इस दौरान भगवान शंकर की संजीव झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु नृत्य करने पर मजबूर हो गए। कथा आयोजक सत्यनारायण व अंबिका प्रसाद सर्राफ ने महा आरती की और अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बुधवार की कथा में श्रीकृष्ण जन्म, राम जन्म व वामन अवतार की सजीव नृत्य रासलीला का आयोजन होगा। इसी क्रम में सोमवार रात्रि को बाबा अमरनाथ कांवड़िया संघ के तत्वावधान में भजन संध्या आयोजित की गई। अंत में संघ अध्यक्ष सुरेश चौधरी, अटल मेठी, मंत्री राजेंद्र गुलिया, पूर्व अध्यक्ष गौरव सैनी, अशोक पारीक व सुरेश गोदारा का सत्यनारायण सर्राफ द्वारा स्वागत किया गया।

## भगवान देवनारायण जयंती निकाली शोभायात्रा

### शोभायात्रा में भगवान के भजनों पर थिरके भक्त



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** डीडवाना कुचामन जिले के कुचामनसिटी में भगवान देवनारायण की जयंती के पावन पर्व पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।शोभा यात्रा डीडवाना रोड पर स्थित भगवान देवनारायण मंदिर से आरंभ हुई। जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई। पुनः देवनारायण मंदिर में आकर संपन्न हुई।शोभा यात्रा का धर्मप्रेमियों के द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। वही शोभा यात्रा में भारी संख्या में गुर्जर समाज के लोग सम्मिलित हुई। भगवान देवनारायण के जयकारे लगाते हुए यह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की झांकी की सजाई गई।जिसकी जगह जगह पूजा अर्चना आरती भी की गई। शोभायात्रा में सभी भक्तगण भगवान के भजनों में लीन हो गए।एवं भगवान के भजनों पर सभी भक्त डीजे की धुन पर थिरकते हुए भी नजर आए।

## जन्मदिन पर बच्चों को क्रिकेट किट भेट किया



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** जिलिया के युवा नेता राहुल जैन ने अपने जन्मदिन के दिन फिजूल खर्ची को रोकते हुवे जन्मदिन के दिन जरूरत मंद गांव के बच्चों को क्रिकेट किट भेट किया व जैन ने बच्चों को खेल के प्रति जागरूक भी किया इस से पांच दिन पूर्व राहुल ने अपनी पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल के बच्चे को फल भेट कर के जन्मदिन मनाया जैन ने बताया कि जन्मदिन को नए अंदाज से मनाना चाहिए इस अवसर पर अशोक शर्मा, कमल शर्मा, सिद्धार्थ, प्रवीण, विष्णु व किशोर रणवा सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन- गुरमेल सिंह

### सीमा चौधरी बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक व स्वयंसेविका

जयपुर टाइम्स




**फालना बाली(निसं.)।** एसपीयू जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित स्थानीय एसपीयू महाविद्यालय के अंतर्गत एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन खारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में प्राचार्य डॉ हिमांशु मेहता की अध्यक्षता में हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ हिमांशु मेहता ने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका होती है तथा छात्र जीवन में एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों की समाज के प्रति जवाबदेही अधिक होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार, कनिष्ठ अभियंता नगरपालिका खुडाला-फालना ने सभी को प्रकृति व समाज से जुड़े रहने की आवश्यकता पर और स्वच्छता पर बल दिया। समाजसेवी अमित मेहता ने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अध्ययन के साथ साथ देश के प्रति सेवा एवं सामाजिक सहयोग की भावना का विकास होता है। एनएसएस प्रभारी डॉ मगन लाल सोलंकी ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसी कड़ी में पाली जिले में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला स्तर पर सम्मानित हुए डॉ मगन लाल सोलंकी का सम्मान किया गया एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक गुरमेल सिंह एवं स्वयंसेविका सीमा चौधरी, सर्वश्रेष्ठ अनुशासित स्वयंसेवक करण कुमार एवं स्वयंसेविका प्राची मिश्रा, बेस्ट ग्रुप लीडर प्रवीण कुमार एवं नर्बदा राजपुरोहित, शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु विक्रम सोलंकी, नारायण लाल एवं सराहनीय कार्य हेतु तपस्वीराज सांदू, रोहन कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ किया गया। समापन समारोह का संपूर्ण संचालन दीपक गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में स्वयंसेवक भुवनेश हरि ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जादरी गांव के गणमान्य नागरिक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई अवैध मदिरा फैक्ट्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निसं.)** डीडवाना कुचामन जिले में आबकारी विभाग के द्वारा रात्रि को विभिन्न स्थानों पर आबकारी धावों का आयोजन कर जिले में कुल पांच स्थानों पर अभियोग दर्ज किये गये।ग्राम चावंडिया में प्रहराधिकारी, आबकारी निरोधक दल नावां द्वारा मय जाब्ते के विक्रम सिंह पुत्र बजरंग सिंह जाति राजपूत निवासी चावंडिया के खेत से कार्यवाही कर एक अवैध मदिरा निर्वाण की फैक्ट्री जब्त की गई। इस फैक्ट्री में शराब निर्माण में प्रयुक्त समस्त उपकरणों व कच्चा माल तथा निर्मित शराब बरामद की गई। जिसमे ग्यारह जरीकनों में भरा 450 लीटर स्प्रिट जो कि स्वास्थ्य के लिये हानिकारक भी हो सकता है।एसेंस की बोतल जो कि शराब को स्वादिष्ट व सुगंधित बनाता है। 700 गत्ता कार्टून पैकिंग हेतु, 1080 पीपी सील ढक्कन, 2 टैप रोल, नकली लेबल्स आदि। एक पांच सौ लीटर की टंकी जिसमें आधुनिक फिलिंग मशीन कन्ट्रोलर, जो कि पव्वों की निर्धारित मात्रा का भराव करता है, लगा था। एक तेजी मापने का हाइड्रोमीटर स्प्रिट निकालने का पंप, एक पैकिंग मशीन। इस फैक्ट्री में बनी व पैकिंग की गई 68 गत्ता कार्टून में भरे कुल 3264 पव्वे।अभियुक्त विक्रम सिंह पुत्र बजरंग सिंह जाप्ते को आता देख खेतों में भाग गया।उक्त कार्यवाही दानाराम, जिला आबकारी अधिकारी, नागौर के निर्देशन में एलआर बेरा प्रहराधिकारी, आबकारी निरोधक दल नावां द्वारा की गई कार्यवाही में मददगार भिंयाराम गोदारा, सहायक आबकारी अधिकारी एवं मोहनसिंह निर्वाण, आबकारी निरीक्षक वृत-नावां व बाबुलाल जलवानियां, आबकारी निरीक्षक वृत-नागौर का रहा व आबकारी थाना नावां का रहा। इसी तरह लाडनूं क्षेत्र के ग्राम शिमला में कुल 36 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया।मेडतासिटी क्षेत्र के ग्राम लाडपुरा में कुल 04 लीटर हथकढ शराब जब्त कर अभियोग दर्ज किया गया एवं कुल 500 लीटर वॉश नष्ट की गई।परबतसर क्षेत्र के ग्राम ईटावा बामणिया में कुल 04 लीटर हथकढ शराब जब्त कर अभियोग दर्ज किया गया व क्षेत्र के ग्गाम मामडोली में से 96 पव्वे देशी शराब, 24 बोतल बीयर, 22 पव्वे राजस्थान निर्मित मदिरा बरामद कर अभियुक्त राजवीर पुत्र दिपेन्द्रसिंह निवासी मामडोली को मौके पर गिरफ्तार किया गया व दौराने रेड गस्त कुल 500 लीटर वॉश नष्ट की गई।विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बैचान, भण्डारण, कशीदगी एवं परिवहन के विरूद्ध अभियान चलाकर निरंतर कार्यवाही जारी है।

## छह घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

*जयपुर टाइम्स/राजलदेसर (निस)। जीएसएस पर रखरखाव कार्य के चलते 220 केवी जीएसएस से संचालित ग्रामीण क्षेत्र के फीडर बुधवार को छह घंटे बंद रहेंगे। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता अशोककुमार मीणा ने बताया कि 220 केवी जीएसएस से संचालित 33 केवी फीडर गोगासर, दाउदसर, लाछड़सर व ऋषिकुल फीडर दोपहर 12 से शाम छह बजे तक बंद रहेगी। इन फीडरों के बंद रहने के कारण राजलदेसर रतनगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रो की सप्लाई दोपहर 12 से 5 बजे तक बन्द रहेगी।*

## लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर होगी श्रद्धांजलि सभा



**मंडावा(निस)।** भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर 6 फरवरी को कार्यक्रम आयोजित होगा। नरोत्तम लाल कुमावत ने बताया कि भवानी साउंड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए नगर पालिका चौक पर 6 फरवरी को शाम 6 बजे कार्यक्रम रखा गया है। कोई भी व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल होकर गाना गाकर भी लता मंगेशकर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर सकता है।

### विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जन जागरूकता सेमिनार

**सूरतगढ़(निस)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ के एनसीडी क्लीनिक और शहीद भगत सिंह डिफ़ेंस एकेडमी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर रोग के प्रति जन जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा ने कैंसर के प्रकार और सामान्य लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता के अभाव में कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं जो चिंताजनक है साथ ही हमारी दिनचर्या और खानपान के बदलने से और नशे की प्रवृत्ति बढ़ने से कैंसर रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। शर्मा ने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर और चिकित्सक की सलाह का अनुसरण कर कैंसर रोग को बढ़ने से रोका जा सकता है। कैंसर रोग के अनेक ऐसे उदाहरण है जिन्होंने कैंसर को मात देकर आज स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। सेमिनार के अंत में अकादमी के कोच सलीम अली ने काउंसलर दीपक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जन जागरूकता सेमिनार होते रहने चाहिए ताकि युवा बीमारियों के प्रति सजग बन सकें और नशे की प्रवृत्ति से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जी सकें।


## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com. Phone number 01567-294504

क्रमांक- न.पा.रा./2024-25/3036 दिनांक- 03/02/25

### आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार के तहत औद्योगिक प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं0 | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री राकेश माहिचा पुत्र श्री गणेश राम माहिचा | एनएच 11 श्रीमाल फार्म हाउस के सामने राजलदेसर | 2442.07 वर्ग मीटर | 2369/324 | कृषि भूमि |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

क्रमांक- 967 72 दिनांक-29.01.2025

**इस कार्यालय के अधिन निम्नानुसार विकास कार्य करवाये जाने है**

| क्र.सं. | ई-बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 50/2024 25 | सुविधायुक्त गार्ड चौकी निर्माण कार्य नगर वन चूरू 'बी' | 7.25 लाख | FOR2425W SOB04102 |

ई बोली एवं खुली बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. sppp. raj. nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू


## ठाकुर केसरी सिंह की मनाएंगे जयंती

**मंडावा(निस)।** मैयो कॉलेज अजमेर के चीफ रहे मण्डावा राज परिवार के ठाकुर केसरी सिंह की जयंती 6 मार्च को मंडावा में मनाई जाएगी। झुंझुनूं युवा राजपूत महासभा जिला अध्यक्ष दलीप सिंह वाहिदपुरा ने बताया कि ठाकुर साहब हमेशा 36 कॉम के लोगों के दुख सुख में काम आते थे और क्षेत्र के लोगों के दिलों में आज भी उनकी यादें ताजा है। मंडावा को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने मे इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कस्बे में उनकी याद में ठाकुर केसरी सिंह के नाम से बनाए गए सर्किल का भी उद्घाटन किया जाएगा।


## सार्वजनिक आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की क़स्बा राजगढ़ (जिला चुरू) के वार्ड नं. 19 में पट्टा मिसल नं. 19 मे पट्टा मिसल नं. 70 तारीख मर्जुआ- 20.03.1920 पट्टा नं. 254 की भूमि तादादी 653 दरगज 6 आना व इससे चिप्ती भूमि मिसल नं. 177 तारीख मर्जुआ- 01.04.1929 पट्टा नं. 72 की 5 दरगज 4 आना भूमि कुल 658 दरगाज 10 आना जिसका पट्टा लुहारी वाला प्रभुदयाल, गोदुराम पुत्रगण दिलसुख व मुस्मात बाधुडी बेवा गजानंद आदि के नाम से जारी सुदा रहा जिसके पट्टा धारियों के व राज ओंकारमल पुत्र प्रभुदयाल हुवे ओंकारमल के जायज वरिशान के मध्य उक्त सम्पति व अन्य सम्पतियो का रजिस्टर्ड विभाजन विलेख दिनांकित- 18.07.2022 के तहत उक्त 658 दरगज 10 आना पट्टासुदा भूमि में से कृषण कुमार राजगडीया पुत्र स्व. ओंकारमल राजगडिया निवासी राजगढ़ जिला के हक़ में पूर्वी तरफ की 279.375 दरगज जिसके 103.80 वर्ग मीटर बनते हैं भूमि विभाजन से प्राप्त होने उपरांत कृषण कुमार अपनी उक्त भूमि की विक्रय किये जाने का इकरारनामा श्रीमति मंजू पत्नी छोटू राम सुनार निवासी- राजगढ़ के साथ अंतिम रूप से किया हैं जिस बाबत उपरोक्त क्रेता A.U SMALL FINANCE BANK शाखा चुरू से ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे है । अत पट्टाधारको के वारिशान श्रीमति पुष्पा देवी, सुषमा राजगड़िया, प्रनव, मोहन लाल सुरेश कुमार, मैना देवी, देवकी आदि का व किशी अन्य को कोई ऐतराज व OBJECTION होतो पेश करे

**आसा पासा भूखंड निर्माण वाके क़स्बा राजगढ़ (जिला चुरू) के वार्ड नं. 19 मे स्तिथ**

| उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|
| आम रास्ता | दुलीचंद डाबड़ीवाला का घर | पवन सरावगी वगेरह | सुरेश कुमार लुहारीवाला पुत्र ओंकारमॉल |

**279.375 दरगज (2 × 2 )**

उक्त भूखण्ड को जरिया इकरारनामा श्रीमति मंजू पत्नी छोटू राम सुनार निवासी- राजगढ़ खरीद रही हैं व 7 ऋण सुविधा प्राप्त करने हेतु उक्त सम्पति को ( AU SMALL FINANCE BANK LTD) के यहाँ रहिन रख ऋण सुविधा प्राप्त कर रही है जिस बाबत उक्त भूखंड रहीन रखे जाने व बैंक द्वारा ऋण सुविधा प्राप्त किये जाने में कोई Objection या आपत्ति आमजन या किसी हितधारी या पट्टाधारको को हो तो सार्वजनिक सुचना के तहत 07 दिवस के भीतर भीतर निचे हस्ताक्षरकर्ता के यहाँ लिखित ऐतराज पेश करें बाद मियाद ऋण स्वीकृत कर प्रदत कर दिए जाने उपरांत किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज Objection मान्य व स्वीकार्य नहीं होगा । ।

**भवदीय**
**AU SMALL FINANCE BANK LIMITED CHURU**
**MO- 7976621643.**
**विनोद कुमार सोनी एडवोकेट चैम्बर न. 25 कोर्ट परिसर चुरू मो. 9414333756.**

## हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

( व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4 )

**न्यायालय- महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 17. जयपुर महानगर द्वितीय मु. चौमूँ**

रवीना विरूद्ध नवनीत वगै.

**प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा**
**प्रार्थना पत्र संख्या 145 / 2024**

बनाम श्रीमती हिमांशी पुत्री जिले सिंह पत्नी दिनेश, जाति मीणा, निवासी गोपालपुरा रोड, गुरू गोरनाथ मन्दिर के पास, कोटपुतली, राजस्थान हाल निवासी 3 / 9, रेलवे क्वार्टर्स, नियर ट ब्लॉक 22, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली 110003 वादी रविना ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि कृष्ण विहार- 10, ग्राम विशनगढ, तहसील आमेर, जिला जयपुर में स्थित प्लाट नं. 70 व 71 के संबंध में प्रार्थना पत्र संस्थित किया है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 12 02.2025 को दिन में 10.00 बजे स्वयं अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो । यदि ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 01.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**न्यायाधीश**

## OFFICE OF THE PRINCIPAL S. M.S.MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER OF THE ATTACHED HOSPITALS, JAIPUR

No-F/MC/Store /2024-25/6724-27 Dated- 23/1-2025

### Notice Inviting Bid

Bid for Single-Plane Cath Lab On Turnkey Basis for Cardiology Department, Institute Of Cardiology SMS Medical College, Jaipur, are invited from interested bidders as per schedule in NIT Notice. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in, https:// sppp. rajasthan.gov.in) of the state; and SMS Medical College, Jaipur department website.
UBN- SMS 2425 GLOB00437

**PRINCIPAL & CONTROLLER**

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक- न.पा.रा. / 2024/3048 दिनांक- 3/2/2025

### आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित व्यक्ति द्वारा अपने आवासीय भूमि में उपयोग हेतु ईजाजत तामिर के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है इसके संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्ति आमन्त्रण सूचना के तिथि से 07 दिवस में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत नही होने पर एकतरफा कार्यवाही अमल में ली जायेगी। बाद मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | भूमि की किस्म | आसा- पासा | | | | कुल क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | |
| 01 | श्री विमल सिंह दुगड पुत्र श्री चम्पालाल दुगड, नगर पालिका के पास, वार्ड नं. 14, राजलदेसर | आवासीय (G+1) | माँगीलाल बैद | हजारीमल हिरावत | रास्ता व किरणलाल, शिव कुमार बैद | रिद्धकरण बैद | 214.00 वर्ग मीटर |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक- न.पा.रा. / 2024-25/3040 दिनांक- 3/2/2025

### आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित व्यक्ति द्वारा अपने आवासीय भूमि में उपयोग हेतु ईजाजत तामिर के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है इसके संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्ति आमन्त्रण सूचना के तिथि से 07 दिवस में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत नही होने पर एकतरफा कार्यवाही अमल में ली जावेगी। बाद मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | भूमि की किस्म | आसा- पासा | | | | कुल क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | |
| 01 | श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री श्रीचंद बैद, वार्ड न. 8. आथुणा कुआ के पास, राजलदेसर | आवासीय (G+1) | बंद गली व नेमीचंद फोगला व वारीसान | विनोद कुमार व मनोज कुमार बैद | रास्ता | नेमीचंद फोगला व राजकुमार फोगला के वारीसान | 327.75 वर्ग मीटर |
| 02 | श्री विनोद कुमार व श्री मनोज कुमार पुत्रगण श्री केसरी सिंह बैद, वार्ड न. 8. आथुणा कुआ के पास, राजलदेसर | आवासीय (G+1) | नरेन्द्र कुमार बैद | चौक | रास्ता | चन्दनमल अग्रवाल | 372.86 वर्ग मीटर |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## हरिसिंह बेनीवाल बने तहसील जाट समाज के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर जाट विकास संस्थान में तिलोकाराम कस्वां की अध्यक्षता में मंगलवार को क्षेत्र के जाट समाज की ओर से एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाज के व्यक्तियों ने समाज में चल रही कुप्रथाओं और युवाओं में बढ़ रहे नशा प्रवृत्ति शादियों में बढ़ रहे फिजूल खर्च, दहेज प्रथा मृत्यु भोज कुप्रथा आदि बुराइयों को खत्म करने का विचार किया। गांव में सभी समाजों के साथ सद्भावना व मेलजोल स्थापित रखते हुए गांव को अच्छी दिशा में काम करने और शिक्षा में बढ़ावा देने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के बारे में विचार विमर्श किया गया। तहसील स्तर से पधारे युवाओं ने निर्णय लेकर हरीसिंह बेनीवाल को जाट समाज का निर्विरोध तहसील अध्यक्ष चुना गया और साथ में ही 21 सदस्यों की कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें रामजीलाल कुलड़िया, शीशपाल धिधवाल,भोजराज महला, मदनलाल कालेर, केसरी सिंह भालोठिया, विनोद कुमार कस्वां, रमेश कुमार कस्वां, जयदेव सारण, जयपाल धुआं, विजय कुमार बेनीवाल, शिवपाल फगेड़िया, दिलीप रेप्सवाल, रामकुमार फांडर, श्रवण कुमार गाडाना, विनोद कुमार पिलानिया, रोहित कुमार भाकर, रामसिंह सहारण, ओमप्रकाश भाकर, चंदन डोटासरा, जीतू सिंह, तेतरवाल को सदस्य एवं तिलोकाराम कस्वां, जीतराम जांदू, नरेंद्र कुमार दूत, गिरधारी सिहाग, गोपीराम महला को सरंक्षक बनाया गया। जीताराम जांदू ने कार्यक्रम का किया।

## मेघवाल बस्ती में संस्कार केंद्र का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मेघवाल बस्ती में सेवा भारती की ओर से संस्कार केंद्र का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि किशनलाल मंडा ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता के रूप में वीणा भोजक ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। खंड प्रचारक अंकित उपस्थित रहे। किरण तिवाड़ी ने अपना जन्मदिन भी संस्कार केंद्र के भैया बहनों के साथ मनाया। इस अवसर पर सेवा भारती के कार्यकर्ता मनोहर, प्रेम, किरण तिवारी, किरण शर्मा, दिव्यांशी, अंजलि आदि मौजूद रहे। संचालिका बहन संगीता प्रतिदिन दो घंटे बच्चों के लिए समय निकालेंगी।

## सड़क किनारे मिला नवजात शिशु



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ के बाहर से निकलने वाले मेगाहाईवे के गोपालपुरा रोड़ चौराहे के पास मंगलवार की सुबह सड़क के किनारे कंबल में लिपटा नवजात शिशु मिला है। टीम हारे का सहारा के श्याम स्वर्णकार ने बताया कि सुबह-सुबह सूचना मिली, जिस पर मौके पर कम्बल में लिपटा बच्चा मिला। जिसे तुरन्त फतेहपुरिया एमसीएच ले जाकर भर्ती करवाया गया। जहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा चौहान और मेडिकल स्टॉफ ने बच्चे को एनबीएसयू में भर्ती कर उसके स्वास्थ्य की जांच की। बच्चा स्वस्थ है और गत रात्रि को करीब साढ़े बारह बजे उसके जन्म हुआ था। बच्चे को जनाना हॉस्पिटल का फीड कर रहा है। सूचना पर कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही करेगी।

## शाकद्विपीय ब्राह्मण सेवा समिति ने मनाई सूर्य सप्तमी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** शाकद्विपीय ब्राह्मण सेवा समिति की ओर से सूर्य सप्तमी मनाई। शाकद्वीपीय ब्राह्मण सेवा समिति राजलदेसर के तत्वाधान में भगवान भास्कर की भव्य शोभा यात्रा, कलश यात्रा, ध्वज यात्रा, मुख्य मार्गों से होते हुए लक्ष्मी नाथ मंदिर प्रांगण पहुंची।लक्ष्मी नाथ मंदिर में भव्य हवन का आयोजन पंडित- किशनगौड़ की ओर से करवाया गया। मुख्य यजमान बाबूलाल पांडे सपत्नी व रणजीत पांडे सपत्नीक ने हवन में पुजा की दोपहर 3 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सूर्य भवन में रखा गया। जिसमे रात्रि सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया। आयोजन में समिति अध्यक्ष रमेश पाण्डे देवकरण पाण्डे, महेश पाण्डे, गोरखाराम पाण्डे, नोरतन पाण्डे, कैलाश पाण्डे, भवानी पाण्डे, बबलू पाण्डे, सुरेंद्र पाण्डे, मदन पाण्डे दुर्गादत पाण्डे, लूणाराम पाण्डे आन्नन्द पाण्डे, राजेश पाण्डे, लालचंद पाण्डे, झँवरलाल पाण्डे, युवा टीम प्रदीप पाण्डे, भूरामल पाण्डे, विजय सिंह पाण्डे, कन्हैयालाल पाण्डे, जगदीश पाण्डे, प्रवीण पाण्डे , दीनदयाल पाण्डे, मनोज पाण्डे, अंकित पाण्डे, विशाल पांण्डे, समाज के सभी प्रबुद्धजन व महिलाए उपस्थित रहीं।

## थाना अधिकारी पर रिश्वत मांगने का आरोप


जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** थानाधिकारी पर रिश्वत मांगने व वर्दी का रोब दिखाने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने मंगलवार को थाने के आगे प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि राजलदेसर थानांतर्गत बढ़ती चोरियां व अवैध रूप से बिक्री हो रही शराब पर अंकुश लगाने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल थानाधिकारी से मिला था। लेकिन थानाधिकारी कमलेश कुमार की ओर से प्रतिनिधि मंडल से वार्ता नहीं की गई और रिश्वत मांगने लगे। जब इसका विरोध किया, तो उन्होंने वर्दी का रोब दिखाते हुए अभद्र भाषा मे बात की। वहीं दूसरी ओर थानाधिकारी कमलेश कुमार का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार एक ओवरलोड वाहन को सीज किया था, जिसे छुड़ाने के लिए यह दबाव बनाया जा रहा है। क्षेत्र में एक होटल संचालक का कहना है कि उसके नाम से चलने वाले वाहनों के चालान नहीं काटे जाए, जबकि यह नियमानुसार गलत है। यातायात नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी और इसी बात को लेकर वाहन चालक व होटल संचालक ने मिलकर यह विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों व थानाधिकारी के अलग-अलग बयान है, लेकिन थाने के आगे हुई नारेबाजी के बाद पुलिस अधीक्षक जय यादव के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया गया है, जिसमें थानाधिकारी को हटाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी देते हुए धरने पर बैठे। काफी समय बाद थानाधिकारी और धरनार्थियों के मध्य वार्ता हुई थानाधिकारी ने नियमानुसार कार्यवाही करने, अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने और चोरी के मामले में भी शीघ्र संज्ञान लेने के लिए आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। थानाधिकारी कमलेश कुमार ने कहा कि मैंने नियमानुसार कार्यवाही की है, मेरे लिए सभी समान है, नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं। सभी पर बिना भेदभाव के कार्यवाही की जाएगी।

## विप्र समाज ने किया नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष को सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** विप्र समाज की ओर से निर्वाचित जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का अभिन्नदन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता योगेश गौड़ ने जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा को साफा शॉल माला व मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाए दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया अरविन्द इन्दोरिया, सुरेश सारस्वत मंचस्थ रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जिलाध्यक्ष के रूप में उनका एक मात्र उदेश्य है कि मे समाज के सभी वर्गों के लिए की जा रही योजनाओं को उन तक पहुचाऊं। उन्होने कहा कि विप्र समाज सदा ही समाज के सभी वर्गो का मार्ग दर्शन करता रहा है और उनकी ओर से प्राप्त आर्शिवाद से में अपने आप को अभिभूत महसूस कर रहा हूॅ। उन्होने कहा कि पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने हमे सभी समाज के लोगो के हित के लिए कार्य करने के लिए संस्कार दिए है और हम इस संस्कार से जुड़कर सभी समाज के लोगो को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का काम कर रहे है। इस अवसर पर योगेश गौड़, डूगंरमल शर्मा, महेश बावलिया, रामस्वरूप शर्मा, गुरूदास भारती, हुकमीचन्द शर्मा, बाबू पाटील, महेश मिश्रा, महेन्द्र चौबे, बालकृष्ण बावलिया, सीपी शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय शर्मा, राजीव शर्मा, विनोद ओझा, मुकेश ओझा, राकेश ओझा,सुशील लाटा, राजकुमार सारस्वत, रामप्रसाद नागवाण, रमेश पारीक, कैलाश नवहाल, रामकिशन माटोलिया, रमेश पारीक, मनेज हरितवाल, अनुप पीपलवा, रमेश शर्मा, कैलाश पीपलवा, आकाश महर्षि, अनिल, विक्रम, राहुल, जगदीश नवहाल, सुन्दरपाल उपाध्याय सहित अनेक विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

## दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आज से

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित सांगलिया बगीची में श्री श्री 1008 श्री बीड़दादास महाराज की 65 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 स्वामी ओमदास महाराज के सानिध्य में विशाल भजन संध्या व समाधि पूजन व प्रसादी का आयोजन होगा। बीड़दादास सांगलिया बगीची के युवा महंत केशवदास महाराज ने बताया कि बुधवार को रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें हर वर्ष की भांति प्रदेश के प्रसिद्ध संगीत कलाकार इंडियन आइडल के सुपरस्टार सवाई भाट, दौलत गर्वा, दिनेश नागौरी, अनजी- धनजी, जगदीश सांगलिया, ममता कच्छावा, राकेश चौहान, रमेश मोरड़ूंगा, राजू आबसर, किशन पुजारी, रामरतन स्वामी, सरदार सिंह कासनियां, रमा कुमारी सहित प्रदेशभर के प्रसिद्ध संगीतकार व सांगलिया धूणी के संतो की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## ऑटो चालकों ने निभाया मानवता का धर्म

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** आज के नए दौर में मानवता के लिए इंसानियत का धर्म निभाने के अनेक वाक्य सुनने को मिलते हैं। मानवता के धर्म को निभाने की एक दास्तान सरदारशहर में भी देखने को मिली है। मजिस्ट्रेट आवास के पास झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहने वाले एक दंपति जिसका किसी को पता नहीं कि ये कहाँ के है। वर्षों से यहाँ पर रहकर इधर उधर से मांगकर पति पत्नी अपना गुजारा चला रहें थे। लेकिन सोमवार को पत्नी की मौत होने पर इधर-उधर से मांग कर अपनी दिनचर्या चलाने वाले पति के पास अपनी पत्नी के अंतिम संस्कार करने के लिए कुछ साधन नहीं था। वहां से गुजर रहे कुछ ऑटो चालकों को पति ने अपनी दास्तान सुनाई तो ऑटो चालकों ने एक दूसरे से संपर्क कर ऑटो चालक संघ के नेता प्रदीप भार्गव के नेतृत्व में महिला का अंतिम संस्कार गाजे बाजे के साथ करने का निर्णय लिया गया। ऑटो चालकों ने महिला के अंतिम संस्कार के लिए सारा सामान एकत्रित कर गाजे बाजे के साथ महिला का अंतिम संस्कार करवाया। अपनों का पता नहीं लेकिन गैरों की ओर से अंतिम समय में साथ मिलने पर महिला के पति ने सभी का आभार जताया। ऑटो चालकों की ओर से मानवता का धर्म निभाते हुए महिला की मौत होने पर एक मानवता के तहत अच्छी मिसाल पेश की है। इस अवसर पर ऑटो चालक संघ के जितेंद्र जेदिया, मुंशी सब्जीफरोस, संपत कुमार, महेंद्र कुमार, कनकमल, पवन कुमार, प्रकाश माली, महेंद्र सैनी, राजू माली, महावीर दुबे, ओमप्रकाश सैनी, निर्मल सिंह, बाबूलाल, कालूराम माली, प्रकाश भोजक सहित अन्य ऑटो चालक ने सहयोग कर मानवता की एक अच्छी मिसाल पेश की हैं।

## गणेशदास स्वामी बरड़ासर वृक्ष मित्र सम्मान से होंगे सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** बिगड़ते पर्यावरण के हालातों और बढ़ते खतरों को मध्य नजर रखते हुए एलपीएस विकास संस्थान भोपाला की ओर से 13 फरवरी को राज्य स्तरीय पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यक्ति, संगठन, विद्यालयों को पद्मश्री राजा लक्ष्मणसिंह, पद्मश्री डॉ माया टण्डन, पर्यावरण रत्न ग्यानेन्द्र रावत, प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के केसी घुमरिया पूर्व आईएएस, सांवरमल झिरवाल पूर्व आईएएस के हाथों सम्मानित किया जाएगा। गांव बरड़ासर के सामाजिक कार्यकर्ता गणेशदास स्वामी को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद् व चिपको आन्दोलन के प्रणेता पद्मविभूषण सुन्दरलाल बहुगुणा की स्मृति में वृक्ष मित्र सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वामी वर्ष 2001में चूरू जिले में चलें मिठ्ठी रेडूवाली नवयुवक मंडल के आह्वान पर विश्व के सबसे बड़े पौधारोपण महाअभियान मे सरदारशहर तहसील संयोजक के रूप में तहसील क्षेत्र में लक्ष्य 25 हजार के विरुद्ध 34719 वृक्ष लगाने में सफल रहे। चूरू जिले में कुल 125000 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया। जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2002 के संस्करण में दर्ज किया गया। पर्यावरणविद् व स्वतंत्र लेखक और एलपीएस के रामभरोस मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी के अलावा 26 अन्य पर्यावरण प्रेमियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर के जाने-माने पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिनमें दिल्ली, उत्तराखण्ड, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों के पर्यावरण प्रेमी भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण शिक्षा केन्द्र सालेटा रोड़ भोपाला थानागाजी अलवर राजस्थान में रखा गया है।

## बाल विकास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का अहम योगदान



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत शिक्षा विभाग एवं महिला व बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के ईसीसीई प्रशिक्षण का समापन हुआ, जो कि दो दिन का गैर आवासीय प्रशिक्षण था। इस प्रशिक्षण में चूरू ब्लॉक से 72 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ट्रेनिंग दी जा रही है। कार्यकर्ताओं को नवचेतना, आधारशिला, इंद्रधनुष 2.0 , पीएएम बैठक, खिलौना आधारित शिक्षण ,समय सारणी व मासिक थीम आधारित शिक्षण, समग्र प्रमाण पत्र आदि विषय की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई गई जो कि ईसीसीई में समग्र विकास पर आधारित थी। प्रथम संस्था की ब्लॉक कॉर्डिनेटर टीपू चौहान की ओर से बच्चों के नाम कार्ड, केंद्र लेबलिंग और पोर्टफोलियो फाइल के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षकों की ओर से बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभाग की नींव है जो कि सराहनीय काम करती है उनके काम में और सुधार के लिए समय समय पर उन्हें ट्रेनिंग की आवश्यकता होती है। व्यवस्थापक आबिद, दक्ष प्रशिक्षक ज्योति वर्मा, शीतल बत्रा, सुदेश कंवर, शशिकला ने भी सभी से उम्मीद जताई कि वह आगे जाकर फील्ड में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहयोग करेंगे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दाऊदसर में किया आत्मीय संवाद



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** भारतीय जनता पार्टी गोरीसर मंडल अध्यक्ष सुशील इंदौरिया ने मंडल कार्यकर्ता संपर्क अभियान के तहत ग्राम दाऊदसर में कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया। सुशील इंदौरिया ने दाऊदसर में कहा कि पार्टी के बूथ अध्यक्षों व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने के साथ ही आगामी पंचायत चुनावो में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा महिला कार्यकर्ताओ को जोड़ने के लिए पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल जिला प्रतिनिधि स्वरूप सिंह राठौड़ ने युवाओ से सक्रिय होकर पार्टी व सामाजिक क्षेत्र में काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश पारीक, महावीर बेनीवाल, गोविंद पारीक, पवन तालनिया, सोहनलाल बांगड़वा, बीरबल राम नायक, शैलेन्द्र तालनिया, अरुण तालनिया, नोरंग जाखड़, सुगनीदेवी राव, रेणु देवी सेन, सुगनी देवी सेन, संतोष देवी राव, आशा देवी, सारदा देवी, पवन स्वामी, महेंद्र कुमार नाई, रोहिताश पारीक, डूंगर राम बांगड़वा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पानी की पाइपलाइन लीकेज, मेगा हाईवे पर किया बस्ती के लोगों ने प्रदर्शन

### तीन दिन बाद जाम लगाने की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में पीएचईडी विभाग की लापरवाही के खिलाफ लुहार बस्ती के निवासियों ने मेगा हाईवे पर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासी नवीन कुमार सैनी ने बताया कि आपणी योजना की पाइपलाइन में लीकेज की समस्या से लोग परेशान हैं। लीकेज के कारण मेगा हाईवे के पास 24 घंटे पानी जमा रहता है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। लुहार बस्ती के लोगों का कहना है कि एक तरफ पीने के पानी के लिए लोग भटक रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। मनोनीत पूर्व पार्षद चंपालाल सैनी ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मेगा हाईवे पर जाम लगाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पीएचईडी विभाग के अधिशासी अभियंता रामदेव पारीक ने आश्वासन दिया है कि विभाग पाइप लाइन की मरम्मत के लिए कार्य कर रहा है और जल्द ही सभी लीकेज की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा।

## वाशिंग मशीन और गैस सिलेंडर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** पुलिस ने ढाणी सुहाणा गांव में घर से वाशिंग मशीन और गैस सिलेंडर चोरी करने वाले बीकमसरा निवासी 21 वर्षीय परमेश्वरनाथ पुत्र न्योलनाथ सिद्ध को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई वाशिंग मशीन और दो गैस सिलेंडर भी बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने वारदात में काम में ली गई एक बाइक को भी जप्त किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ढाणी सुहाणा निवासी प्रकाश जाट ने मामला दर्ज करवाया था कि 18 जनवरी की रात्रि को किसी समय कोई चोर हमारे घर के बाहर रखी एक वॉशिंग मशीन और दो गैस से भरे हुए सिलेंडर चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान कर रहे हेड कांस्टेबल प्रताप सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बीकमसरा निवासी 21 वर्षीय परमेश्वरनाथ सिद्ध को रीको इंडस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस अब पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ में जुटी हुई है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।